हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, रविवार, 6 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 35.6 डिग्री
न्यूनतम 20.2 डिग्री

10 आरोपियों के खिलाफ 47 ठगी की शिकायतें दर्ज



10 हमें खुद को बेहतर बनाने की जरूरत: ढांडरियां



## खबर संक्षेप

### मंदिर से चोरी मुकुट समेत चोर को दबोचा

**पानीपत।** थाना मतलौडा की थर्मल चौकी पुलिस टीम ने थर्मल कॉलोनी में स्थित हनुमान मंदिर से चांदी का मुकुट चोरी करने वाले आरोपी महेश पुत्र राजेंद्र निवासी सुंदर नगर गांव आसन खुर्द जिला पानीपत को गिरफ्तार किया। थर्मल चौंकी इंचार्ज सतविंदर ने बताया कि चौकी में थर्मल कॉलोनी की गीता मंदिर सभा द्वारा शिकायत देकर बताया था कि मंदिर में हनुमान जी की मूर्ति पर चांदी का 850 ग्राम वजनी मुकुट लगाया हुआ था। जिस पर सोने की कोटिंग कराई हुई थी। तीन अप्रैल को मंदिर में माता रानी के कीर्तन का कार्यक्रम था। इस दौरान पता लगा कि हनुमान की मूर्ति से मुकुट चोरी हो गया है। इस मामले में थाना मतलौडा में चोरी का केस दर्ज है।

### तीन किलो गांजा समेत नशा तस्कर गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने सेक्टर 25 स्थित ट्रक युनियन के नजदीक नाला पुलिया पर नशा तस्कर रमेश उर्फ रिंकू पुत्र नरेंद्र निवासी रामपुरा कॉलोनी गांव काबड़ी, पानीपत को 3 किलो 100 ग्राम गांजा नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि पुलिस टीम ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट ईटीओ योगिंद्र मान की उपस्थित में आरोपी से गांजा नशीला पदार्थ बरामद किया है। उन्होंने बताया कि रमेश के खिलाफ थाना चांदनी बाग में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज किया और उसे कोर्ट में पेश किया। पुलिस का पक्ष जानने के बाद अदालत ने रमेश को तीन दिन के रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया।

### अस्पताल में मरीज के 40 हजार रुपये चोरी

**पानीपत।** शहर में टोल प्लाजा के नजदीक आर्टियोज अस्पताल में मरीज के बैग से कैश गायब हो गया। पुलिस को दी शिकायत में कविता निवासी गांव मनाना ने बताया कि तीन अप्रैल को वह वह अपनी मां को इलाज के लिए आर्टियोज अस्पताल में लेकर आई थी। वह इलाज के लिए 45 हजार रुपए लेकर आई थी। जिनमें से पांच हजार रुपये काउंटर पर जमा करवा दिए थे। उसकी मां को इमरजेंसी रूम में ले जाया गया। यहां उसने बैग भी बैड के पास रख दिया था। उसे दवाई लेने के लिए भेज दिया गया। कुछ देर बाद आकर उसने बैग चेक किया तो चालीस हजार कैश गायब था। पुलिस ने कविता की शिकायत पर नर्स पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर लिया है।

### मकान से लाखों के गहने व नकदी चोरी

**पानीपत।** पानीपत शहर के चांदनी बाग थाना क्षेत्र के राव अस्पताल की उपरी मंजिल पर निवास कर रहे अंकित कुमार के घर से चोरों ने करीब छह लाख रूपये कीमत के जेवर व करीब सात हजार रूपये की नगदी चोरी कर ली। वहीं, चांदनी बाग थाना पुलिस न अंकित कुमार की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अंकित ने बताया कि वह घटना वाले दिन अपनी मां को लेकर उत्तर प्रदेश के शामली गया था। उसकी पत्नी काम पर गई थी। इस दौरान चोरों ने छह तोले सोने के आभूषण व 6200 की नगदी चोरी कर ली।

### बिजली कर्मचारी से ठगे 1.79 लाख रुपये

**यमुनानगर।** गांव पंजेटो निवासी सुरेंद्र कुमार ने पुलिस को बताया कि वह बिजली निगम में शिफ्ट अटेंडेंट है। उसके टेलीग्राम पर एक लिंक आया था। क्लिक करने पर वह एक कपंनी के ग्रुप से जुड़ गया। जिसमें उसे बताया गया कि ऑनलाइन विभिन्न कंपनियों को रिव्यु देने पर मोटा मुनाफा मिलेगा। साथ ही भरोसा भी दिलाया गया कि किसी भी तरह की नुकसान इस काम में नहीं है। सुरेंद्र ने बताया कि उनकी बातों में आकर उसने 24 जुलाई को काम शुरू किया और ठगों के बताए खाते में 46 हजार रुपये जमा करा दिए।

## अंबाला छावनी से हजारों कार्यकर्ता करेंगे कार्यक्रम में हिस्सेदारी

# पीएम मोदी के कार्यक्रम को लेकर मंत्री अनिल विज ने सौंपी जिम्मेदारी

### मंडलों की कार्यकारिणी का किया विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज की अध्यक्षता में शनिवार को अंबाला छावनी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में भाजपा कोर कमेटी की बैठक हुई। बैठक में आगामी 14 अप्रैल को दीनबंधु छोटूराम थर्मल पॉवर प्लांट की नई यूनिट के शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि इस कार्यक्रम में भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता यमुनानगर जाएंगे।

उन्होंने पदाधिकारियों को इस कार्यक्रम को लेकर चर्चा की तथा जिम्मेवारियां सौंपी। कोर कमेटी की बैठक के दौरान भारतीय जनता पार्टी अंबाला छावनी के शास्त्री मंडल व ग्रामीण मंडल प्रधान के साथ-साथ चारों मंडलों की नई कार्यकारिणी का गठन कैबिनेट मंत्री अनिल विज की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से किया गया। शास्त्री मंडल प्रधान प्रवेश शर्मा को तथा ग्रामीण मंडल प्रधान विकास बहगल को नियुक्त किया गया। सभी मंडलों के पूर्व प्रधानों और नगर परिषद के सभी पार्षदों को उनके मंडलों में विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया गया है।



**अंबाला।** भाजपा कोर कमेटी की मीटिंग में मौजूद परिवहन मंत्री अनिल विज।

#### यह चुनी कार्यकारिणी

**सदर मंडल :** सदर मंडल में रवि बुद्धिराजा प्रधान, संजीव सोनी व आशीष अग्रवाल को महामंत्री, सुभाष शर्मा, बीएस बिंद्रा, बलकेश वत्स व हैप्पी धीर को उपप्रधान नियुक्त किया गया। विनय मेहता, पूजा बेदी, इकबाल ढांडा, पुष्पा वैश तथा विकास सोनकर सचिव, अजय गुप्ता को कोषाध्यक्ष तथा आशीष सभ्रवाल व पारस मनी को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। इसी प्रकार मोर्चों में आशीष जायसवाल को युवा मोर्चा, मोनिका विग को महिला मोर्चा, राज कुमार राजा को एससी मोर्चा, राजीव पंचाल को बीसी मोर्चा, नवीन जैन को अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रधान नियुक्त किया गया।

**महेशनगर मंडल :** महेशनगर मंडल हर्ष बिंद्रा प्रधान, फकीरचंद सैनी व पुनीत सरपाल महामंत्री, सोम प्रकाश बिंद्रा, प्रवेश सोबती, वीणा शर्मा व सुरेश बंसल को उपप्रधान, सुरेंद्र सेठी, बिंद्र, सूरज राणा, कीर्ति शर्मा व रजनीश खुल्लर को सचिव नियुक्त किया गया। इसके अलावा वनीत गुप्ता को कोषाध्यक्ष तथा गगनदीप थापर को सह-कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। नवनीत भाटिया व पवन को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। मोर्चों में विजय कुमार को युवा मोर्चा, नेहा पुरी को महिला मोर्चा, मेहर सैनी बीसी मोर्चा, किसान मोर्चा से रणजीत विर्क और अल्पसंख्यक मोर्चा से अतुल जैन को प्रधान नियुक्त किया गया।

**शास्त्री नगर मंडल :** शास्त्री मंडल में प्रवेश शर्मा को प्रधान, बलित नागपाल और तरविंद्र सिंह सोनू को महामंत्री, विपिन खन्ना, रवि वर्मा, अरविंद राणा, नीलम शर्मा व राजेश नंबरदार को उप-प्रधान नियुक्त किया गया। इसी प्रकार सतीश कुमार, प्रवीण जैन, सोनिया, बलकार व महावीर सिंह को सचिव और दीपक भसीन को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसी तरह अशोक ठाकुर को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। दूसरों मोर्चों में सन्नी तुली को युवा मोर्चा, सुनीता पाटिल को महिला मोर्चा, सुरजीत को एससी मोर्चा, अमनदीप को बीसी मोर्चा का प्रधान नियुक्त किया गया।

#### ग्रामीण मंडल

ग्रामीण मंडल में विकास बहगल को प्रधान, रामबाबू यादव व भरत कोछड़ को महामंत्री, बिल्लू राणा, राजेंद्र राणा, रेणु भांमर व दीपक कुमार को उप-प्रधान, जसमेर सिंह पंजोखरा साहिब, वासुदेव शर्मा धनकौर, ऊषा तोमर बब्याल, नक्क्ष कुंज दलीपगढ़ और डिंपल राणा बब्याल को सचिव नियुक्त किया। नरेंद्र राणा को कोषाध्यक्ष, नविंद्र और अनुज यादव को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। दूसरों मोर्चों में साधना शर्मा को महिला मोर्चा, हिमांशु को युवा मोर्चा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

# आर्यन केस में हुआ खुलासा चचेरे भाई ने करवाई हत्या



**पानीपत।** पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह प्रेस वार्ता करते हुए।

- प्रॉपर्टी हड़पने को करवाया कत्ल बड़े भाई और मां की हत्या की भी थी साजिश, दो गिरफ्तार : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना

पानीपत में शरीर पर 20 से ज्यादा जगह चाकू से वार कर मारे गए आर्यन मर्डर केस का खुलासा हुआ है। गिरफ्तार हुए दो आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि अमेरिका में रह रहे आर्यन के चचेरे भाई साहिल ने प्रॉपर्टी हड़पने के लिए उसके मर्डर की साजिश रची थी।

वहीं, साहिल का अगला टारगेट आर्यन का बड़ा भाई और मां थी। वह प्रॉपर्टी के लिए पूरे परिवार को रास्ते से हटाना चाहता था। हालांकि, इससे पहले ही पुलिस ने चार अप्रैल की रात डाहर बाइपास से मांडी गांव के ही यूकेश और सोनीपत के प्रदीप को पकड़ लिया। प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने बताया कि प्लानिंग के तहत साहिल ने ही प्रदीप, यूकेश और एक नाबालिग के जरिए वारदात को अंजाम दिलवाया है। यूकेश के खिलाफ रोहतक में चोरी का केस दर्ज है। बदमाशों की प्लानिंग थी कि तीनों की हत्याओं के बाद प्रॉपर्टी का धंधा शुरू करेंगे।

#### अमेरिका से रची साजिश

खुलासा हुआ कि मृतक आर्यन का चचेरा भाई साहिल करीब दो साल पहले डंकी रूट से अमेरिका गया था। उसने गांव के यूकेश को 10 लाख रुपए व एक एकड़ जमीन का लालच देकर आर्यन व उसके परिवार की हत्या करने के लिए तैयार किया। यूकेश ने आगे अपने फुफेरे भाई सोनीपत के राजपुरा निवासी आरोपी प्रदीप व उसके दोस्त निखिल उर्फ निक्कू को हत्या करने के लिए तैयार किया।

# साइबर ठगों ने पिता-पुत्र के ज्वाइंट बैंक खाते से निकाले 7.44 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- आरोपियों ने 26 मार्च से एक अप्रैल के बीच 17 बार ट्रांजेक्शन कर उड़ाई रकम

साइबर ठगों गांव फतेहगढ़ निवासी भवनीत शर्मा तथा उसके पिता कृष्ण कुमार के ज्वाइंट अकाउंट से सात लाख 44 हजार रुपए निकाल लिए। आरोपियों ने यह पैसे 26 मार्च से 1 अप्रैल के बीच में 17 ट्रांजैक्शन कर निकाले। जब भवनीत शर्मा ने अपने अकाउंट की स्टेटमेंट निकलवाई तो उसे ठगी का पता चला।

पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार थाना बूड़िया के गांव फतेहगढ़ निवासी भवनीत शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका व उसके पिता कृष्ण कुमार के एचडीएफसी बैंक में चार ज्वाइंट खाते हैं। एक अप्रैल को उसके मोबाइल पर बैंक खाते से रुपये कटने का मैसेज आया तो वह परेशान हो गया।

कुछ ही देर में और पैसे कटे और बैलेंस शून्य हो गया। उसने तुरंत ही पिता को फोन कर बताया तो पिता ने उसे घर से बाहर बुलाया और दोनों साथ में ही एचडीएफसी बैक पहुंच गए। शाखा मैनेजर से बात की तो उसने देख कर बताया कि 26 मार्च से एक अप्रैल के बीच किसी ने 17 बार ट्रांजेक्शन कर खाते से सात लाख 44 हजार 467 रुपये निकाल लिए हैं। यह सुनते ही भवनीत शर्मा व उसके पिता के पैरो के नीचे से जमीन खिसक गई।

उसने इस बारे थाना साइबर क्राइम में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# ब्लड कैंसर पीड़ित लड़की के लिए 150 किमी सफर तय करके किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का छात्र और अवार्डी एनएसएस स्वयंसेवक है हर्ष कुमार

कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग के छात्र और राज्य राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी एनएसएस स्वयंसेवक हर्ष कुमार ने एक 150 किमी का सफर तय कर एक रक्तदाता का फर्ज़ निभाया। उन्होंने बताया कि उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से एक रक्त कैंसर पीड़ित लड़की के लिए रक्त की आवश्यकता के बारे में जानकारी मिली।

उन्होंने तुरंत ही उनके परिजनों से संपर्क कर रक्तदान करने 150 किमी की दूरी तय कर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से पीजीआई रोहतक पहुंचे। रक्त कैंसर से पीड़ति लड़की को रक्त की आवश्यकता थी, यह पिछले 2-3 दिन से पीजीआई रोहतक एडमिट थी जो कि गुरुग्राम जिले की निवासी है लेकिन उसके परिवार को रक्त की व्यवस्था करने में मुश्किलें आ रही थीं।

#### रक्तदान से बचा सकते हैं जान

रक्तदान एक ऐसा कार्य है जो किसी की जान बचा सकता है। रक्त कैंसर से पीड़ित मरीजों को अक्सर रक्त की आवश्यकता होती है और रक्तदान करने से उनकी जान बचाई जा सकती है। एक व्यक्ति के रक्तदान से तीन से पांच लोगों की जान बचाई जा सकती है। रक्तदान के महत्व को उजागर किया है। हमें रक्तदान करने के लिए प्रेरित करना चाहिए और सामाजिक जिम्मेदारी निभानी चाहिए।



# विधवा ने बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का दो पर लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ किया केस दर्ज

जिले के थाना प्रताप नगर क्षेत्र के एक गांव निवासी 26 वर्षीय महिला ने एक व्यक्ति व महिला पर उसे यमुनानगर की एक कॉलोनी में बंधक बनाकर गलत काम करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

प्रताप नगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 26 वर्षीय महिला ने शिकायत में बताया कि उसके पति की कुछ साल पहले मौत हो गई थी। जिसके बाद वह अजय कुमार नामक व्यक्ति के संपर्क में आई। इस दौरान आरोपी ने 27 जनवरी को उसे मिलने के लिए बुलाया। जब वह मिलने के लिए गई तो आरोपी ने ज्योति नाम की महिला के साथ मिलकर उसे शहर की जम्मू कॉलोनी में एक घर में बंधक बना लिया। इसके बाद आरोपी ने उसके साथ गलत काम किया। आरोपियों ने आठ फरवरी तक उसे बंधक बनाकर गलत काम किया है। वह किसी तरह आरोपियों से बचकर घर पहुंची और मामले की सूचना पुलिस को दी।

### डिजिटल अरेस्ट कर एक करोड़ रुपये की ठगी का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** थाना साइबर क्राइम टीम ने सलारगंज बाजार निवासी बुजुर्ग मुकेश गर्ग से डिजिटल अरेस्ट कर एक करोड़ की ठगी करने वाले गिरोह के पांचवें आरोपी अरविंद निवासी विकास नगर हिरापुर वैशाली नगर, जयपुर, राजस्थान को गिरफ्तार किया है।

थाना साइबर क्राइम प्रभारी अजय ने बताया कि थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम ने बीते दिनों बुजुर्ग से डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर आरोपी टीपू सुलतान को गुरूग्राम जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाई थी। आरोपी प्रकाश चौधरी को राजस्थान के जोधपुर से आरोपी मोहसिन सिदद्की को दिल्ली से व आरोपी पंकज को दिल्ली से गिरफ्तार किया था। इस मामले में मुकेश गर्ग की शिकायत पर गत वर्ष सात दिसम्बर को केस दर्ज किया गया था।

# छीनाझपटी के दोषी को 5 साल कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- कारावास के अतिरिक्त दोषी को 30 हजार रुपये जुर्माने की भी सजा सुनाई

जिला कुरुक्षेत्र के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुरुक्षेत्र की अदालत ने छीनाझपटी के आरोपी गुरमीत सिंह उर्फ गोपी वासी कुरुक्षेत्र को 5 वर्ष कारावास व 30 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

जिला न्यायवादी ने बताया कि कि दिनांक 10 फरवरी 2024 को पुलिस को दी अपनी शिकायत में बलदेव सिंह वासी सेक्टर-3 कुरुक्षेत्र ने बताया कि 9 फरवरी 2024 को समय करीब शाम 6:15 बजे वह अपने घर से सैर करने के निकला था। जब वह इंडियन आयल के पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तो उसके लडके का फोन आया और वह चलते-चलते फोन सुनने लगा। उसी समय पीछे से बिना नम्बर की मोटरसाईकिल पर दो लडके आये और उसका फोन छीनकर ले गए। जिसकी शिकायत पर थाना सदर थानेसर में मामला दर्ज करके जांच सैक्टर 4 चौंकी के सहायक उप निरीक्षक गुरलाल को सौंपी गई थी। जांच के दौरान आरोपी गुरमीत सिंह उर्फ गोपी को मामले में गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी को न्यायालय में पेश करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया था। जांच पूरी होने पर मामले का चालान न्यायालय में दिया गया था। मामले की सुनवाई करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुरुक्षेत्र की अदालत ने गुरमीत सिंह उर्फ गोपी को कारावास की सजा सुनाई।

## नई शिक्षा नीति के तहत छात्रों के लिए इंटर्नशिप जरूरी

# इंटर्नशिप के बिना नहीं मिलेगी डिग्री

- पढ़ाई के दौरान हासिल अनुभव से रोजगार पाने में सुविधा होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नई शिक्षा नीति के तहत अब अंडर ग्रेजुएट छात्रों को चौथे व पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों को दूसरे सेमेस्टर के बाद इंटर्नशिप करनी होगी।

यह इंटर्नशिप 4 से 6 सप्ताह तक होगी। इसी इंटर्नशिप प्रोग्राम को सुचारू रूप से लागू करने के लिए शनिवार को कॉलेज स्टाफ को ट्रेनिंग दी गई। कार्यक्रम का आरंभ करते हुए प्रिंसिपल डॉ. देशराज बाजवा ने बताया कि अब हर विषय के छात्र को अपने से संबंधित इंडस्ट्री या ऑफिस में जाकर यह इंटर्नशिप करनी होगी। इसी के बारे में आज स्टाफ सदस्यों को इसके बारे में ट्रेनिंग दी गई। ट्रेनर प्रो. शगुन आहुजा व प्रो. सरबजीत कौर ने बताया कि अब छात्रों के हर ग्रुप के लिए इंटर्नशिप सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। ये सुपरवाइजर इंडस्ट्री से संपर्क करके छात्रों को इंटर्नशिप के लिए भेजेंगे। इस इंटर्नशिप के बिना छात्रों को ग्रेजुएटेशन या पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री नहीं मिलेगी। छात्र अपने विषय से संबंधित इंडस्ट्री में जाकर इंटर्नशिप कर सकते हैं। छात्र अपनी मर्जी भी किसी इंडस्ट्री या ऑफिस का चयन कर सकते हैं। इंटर्नशिप कॉर्डिनेटर डॉ अतुल यादव ने बताया कि सौ नंबर व 4 क्रेडिट की यह इंटर्नशिप करने के बाद छात्र अपनी डिग्री पूरी कर पाएंगे। पढ़ाई के दौरान हासिल किए इस अनुभव से छात्रों को रोजगार पाने में भी सुविधा होगी।



**अंबाला।** ट्रेनिंग के दौरान मौजूद कॉलेज स्टाफ। *फोटो : हरिभूमि*

### डायरेक्टर पद के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस ने नकली हाईड्रोपावर प्लांट में डायरेक्टर पद के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधडी करने के आरोपी रविन्द्र कुमार वासी संजय कालोनी रोहतक को गिरफ्तार किया है। राजकुमार सैनी वासी बिशनगढ़ जिला कुरुक्षेत्र ने पुलिस को बताया कि उसके साथी कमल ने उसकी मुलाकात रविन्द्र कुमार, विकास कुमार व रवि कुमार से करवाई तथा बताया कि तीनों सुमंगल हाईड्रोपावर प्लांट में डायरेक्टर हैं। शिमला के पास ये सभी एक नया प्लांट लगा रहे हैं जिसका 70 प्रतिशत बैंक लोन करेगी व 30 प्रतिशत में वह उसको प्लांट में हिस्सेदारी देकर डायरेक्टर बना देंगे। वह उनकी बातों में आ गया और उनके इस प्लांट के लिए 30 लाख रुपये उनके द्वारा दिए गये खाते में जमा करवा दिये। लेकिन 2 साल बीतने पर भी उन्होंने कोई प्लांट शुरू नही किया।

# 17 ग्राम हेरोइन के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार

- एंटी नारकोटिक सेल की जिला यूनिट ने आरोपी को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने हजारों रुपये की हेरोइन के साथ एक नशातस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 17 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर ले लिया है। रिमांड के दौरान आरोपी से मामले में संलिप्त आरोपियों के बारे में पता लगाया जाएगा।

एंटी नारकोटिक सेल के प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव बुड्डी के पास एक युवक संदिग्ध हालत में घूम रहा है। सूचना मिलते ही उन्होंने उप निरीक्षक आशीष, नवीन, राजकुमार, मुख्य सिपाही ललित व मंजीत की टीम का गठन कर मौके पर जांच के लिए भेजा। जांच टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी की तलाशी में उसके पास से हजारों रुपये कीमत की 17 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। जिसके बात पुलिस ने हेरोइन को कब्जे में लेकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान गांव बुड्डी निवासी खान नवाब उर्फ रेला के रूप में हुई।



## खबर संक्षेप

### आज मनाई जाएगी अंबेडकर जयंती

जींद। डा. बीआर अंबेडकर वेलफेयर सोसायटी जींद द्वारा रविदास धर्मशाला सफीदों रोड में प्रधान राजेश पहलवान की अध्यक्षता में अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। अंबेडकर जयंती में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के विचारों का व्याख्यान किया जाएगा। प्रधान राजेश पहलवान ने बताया कि अंबेडकर जयंती के शुभ अवसर पर मुख्यअतिथि के रूप में पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा और विशिष्ट अतिथि सांसद सोनीपत सतपाल ब्रह्मचारी शिरकत करेंगे।

### खेत से दो मोटर चोरी, मामला दर्ज

जींद। गांव धरौदी में बीती रात चोरों ने खेत से दो बिजली मोटरों को चोरी कर लिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के अधार पर चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। धरौदी निवासी राममेहर ने बताया कि बीती रात चोरों ने दो बिजली मोटरों व केबल को चोरी कर लिया।

### मंदिर से युवती संदिग्ध हालात में लापता, केस

जींद। गांव गांगोली मंदिर से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव गांगोली निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि वह परिवार के साथ मंदिर में पूजा अर्चना करने गया हुआ था। जहां से उसकी बेटी गायब हो गई।

### कालेज के लिए निकली युवती लापता

जींद। गांव लोधर से कालेज के लिए निकली युवती के गायब होने पर उचाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव लोधर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बहन घर से उचाना कालेज के लिए निकली थी। जिसके बाद वह घर वापस नही लौटी। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बहन का कोई सुराग नही लगा।

### गैराज से स्पेयर पार्टस चोरी, मामला दर्ज

जींद। सफीदों रोड पर बीती रात चोरों सीएनजी गैराज से स्कैनर, पार्टस समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। गांव सरड़ा निवासी अमित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी सफीदों रोड पर सीएनजी गैराज है। बीती रात चोर दिवार फांद कर गैराज में घुस गया और स्कैनर, रॉड और स्पेयर पार्टस को चोरी कर लिया।

### विनय बने एमेच्योर डांस स्पोर्ट्स एसो.के महासचिव

जींद। कृष्णा कालोनी निवासी डांस मास्टर विनय दहिया को एमेच्योर डांस स्पोर्ट्स एसोसिएशन जींद का महासचिव नियुक्त किया गया। उनकी यह नियुक्ति एसोसिएशन के महासचिव राजेश शर्मा ने की है।

### उचाना पहुंचे कांग्रेस सांसद जयप्रकाश

जींद। कांग्रेस हिसार लोकसभा सांसद जयप्रकाश दिलबाग श्योकंद के यहां आयोजित समारोह में पहुंचे। कार्यकर्ताओं से भी इस दौरान वो रूबरू हुए। इस दौरान जयप्रकाश ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि हर मोर्चा पर विफल साबित हो रही है। गेहूं का सीजन शुरू हो चुका है लेकिन अभी तक प्रबंध पुख्ता नहीं है।

---

जिले भर में धूमधाम से मनाया गया दुर्गा पूजा का पर्व

# अष्टमी पर्व पर श्रद्धापूर्वक कंजकों का पूजन कर श्रद्धालुओं ने खोला नवरात्र का उपवास

मां के मंदिरों में श्रद्धालुओं ने की आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा अर्चना

- श्री देवी मंदिर व मां बाला सुंदरी के मंदिरों में शाम तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही




यमुनानगर में दुर्गा अष्टमी पर्व पर कंजकों का पूजन करते मां के भक्त व मंदिरों में दर्शनार्थ के लिए लाइनों में लगे श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

चैत्र शुक्लपक्ष के नवरात्र का अष्टमी पर्व शनिवार को जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने कंजकों का पूजन कर उपवास खोला। मौके पर श्रद्धालुओं ने कन्याओं को दान स्वरूप उपहार भेंट किए। वहीं, दुर्गा अष्टमी पर्व पर भी मां के मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ रही।

शनिवार सुबह होते ही जिले भर में घर-घर में कंजकों का पूजन करना शुरु हो गया था। सुबह के वक्त मां के श्रद्धालुओं ने अपने घरों में कंजकों का पहले पूजन किया और फिर उन्हें भोजन करवाकर व फल आदि भेंट कर आर्शीवाद लिया। पंडित लक्ष्मण शास्त्री के मुताबिक अष्टमी में ही कंजक पूजा शुभ मानी जाती है। इसलिए अधिकांश भक्तों ने सुबह ही कन्याओं को भोजन खिलाकर व्रत खोला। मां के भक्त संजय कुमार, गौतम, सुधीर, विकास, अश्वनी, मनीष मलिक, योगेश, प्रमोद, रविंद्र मेहता, बंटी, सुरेश व अमित आदि ने बताया कि वह हर वर्ष घर में सुख समृद्धि के लिए मां के व्रत रखते हैं। इस वर्ष भी उन्होंने मां के नवरात्रों में व्रत रखकर विशेष पूजा अर्चना की। उन्होंने कहा कि मां के व्रत रखने के बाद अष्टमी के दिन कंजकों को भोजन खिलाने व दान स्वरूप उपहार भेंट करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है।

### मंदिरों में रही श्रद्धालुओं की भीड़

दुर्गा अष्टमी पर्व पर अधिकांश मां के भक्त ऐसे भी थे जिन्होंने माता के दरबार में जाकर कंजकों को भोजन करवाने व माता के दर्शन करने के बाद ही अपना उपवास खोला। इस दौरान शहर के श्री देवी मंदिर व त्रिलोकपुर स्थित मां बाला सुंदरी के मंदिरों में शाम तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। कई स्थानों पर भजन कीर्तन का आयोजन कर श्रद्धालुओं ने मां का गुणगान किया।

### महागौरी की पूजा

पंडित सुरेश शास्त्री ने बताया कि आदिशक्ति मां दुर्गा का अष्टम रूप श्री महागौरी हैं। नवरात्रि के आठवें दिन इनकी उपासना की जाती है। इनकी उपासना से मनुष्य के सभी पाप धुल जाते हैं। उपासक सभी प्रकार से पवित्र और अक्षय पूण्यों का अधिकारी हो जाता है। उसके पूर्व संचित पाप नष्ट हो जाते हैं।



यमुनानगर के रादौर में संतोषी माता मंदिर में शनिवार को आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

# भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

- रादौर के संतोषी माता मंदिर में हुआ भंडारे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

रादौर के कॉलेज रोड पर स्थित संतोषी माता मंदिर में शनिवार को दुर्गाष्टमी पर्व के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं भंडारे से पूर्व सभी की सुख शांति के लिए हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इसके उपरांत देवी दुर्गा के 9 स्वरूपों की पूजा कन्या पूजन के रूप की गई। इ

श्रद्धालु राजेश शर्मा, राकेश शर्मा व रमेश शर्मा ने बताया कि दुर्गा अष्टमी पर्व पर भंडारे का आयोजन उनके पिता स्वर्गीय धर्मवीर शर्मा ने 1990 में शुरु करवाया था। माता रानी की असीम कृपा से 35 वर्षों से उनके परिवार के सहयोग से वर्ष में दो बार दुर्गाष्टमी पर श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है । आसपास के लोग माता रानी के कार्यों में पूरा सहयोग करते हैं। इस अवसर पर देवेन्द्र शर्मा, रोहित शर्मा, श्याम शर्मा, पुलकित शर्मा, भारती शर्मा, यजत शर्मा, शुभम, सतप्रकाश, रमेश, कृष्ण मक्कड, सुनील, आशीष मुंजाल, कोमल अरोड़ा, सुनील कुमार, राजन, निशांत, नितिन शर्मा आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

---

# एसोसिएशन ने कृषि मंत्री को सौंपा मांग पत्र

- राणा ने एसोसिएशन दिया मांगें पूरी करवाने का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

रादौर, लाडवा व बाबैन पेस्टिसाइड एंड फर्टिलाइजर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल अपनी मांगो को लेकर हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने कृषि मंत्री को मांग पत्र सौंपकर उनकी मांगे पूरी करवाए जाने की मांग की।

एसोसिएशन के प्रधान संजय शर्मा रादौर के नेतृत्व में नीरज गोयल लाडवा, पिंकी बाबैन प्रधान लाडवा नीरज गोयलए बाबैन व अन्य सदस्य हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के कस्बा स्थित निवास स्थान पर पहुंचे। उन्होंने मौके पर मौजूद कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा को सौंपे अपने मांग पत्र में कहा कि सरकार द्वारा नकली बीज व दवाइयां साबित होने पर अब कंपनी के साथ साथ डीलर पर भी कानूनी कार्रवाई किए जाने का प्रावधान किया गया है। जो सरासर गलत है। उनकी मांग है कि नकली बीज व दवाइयां साबित होने पर सरकार केवल संबंधित कंपनी के विरूद्ध ही कार्रवाई करे। न कि डीलर के विरूद्ध कार्रवाई करे। क्योंकि डीलर तो कंपनियों से माल खरीदकर किसानों को बेचते हैं।

वहीं मांग पत्र के बाद कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वह उनकी मांगो के बारे में मुख्यमंत्री से मिलेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान करवाए जाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।



यमुनानगर के रादौर में अपनी मांगों को लेकर कृषि मंत्री को ज्ञापन सौंपते एसोसिएशन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

---

नई शिक्षा नीति पर राज्यस्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता

# छात्रा प्रगति ने राज्यस्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता जीती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

मुकन्द लाल नेशनल कॉलेज यमुनानगर में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा नई शिक्षा नीति-2020,कौशल विकास, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का रोजगार पर प्रभाव आदि विषयों पर राज्य स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 13 जिलों के 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य डॉ. अनिल धवन ने बताया कि प्रतियोगिता में गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज अंबाला की छात्रा प्रगति ने प्रथम, मुकंदलाल नेशनल कॉलेज यमुनानगर की छात्रा शैलजा द्विवेदी ने द्वितीय व डीएवी गर्ल्स कॉलेज की छात्रा खुशी सिंगला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, अहीर कॉलेज रेवाड़ी की छात्रा प्रिया, जीएनके कॉलेज करनाल के आशु सैनी, आरकेएसडी कॉलेज कैथल यश मित्तल व दयाल सिंह कॉलेज करनाल के रितिका को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया।



यमुनानगर। छात्रा को आर्शीवाद देते प्रिंसिपल डॉ. अनिल धवन व अन्य।

---

गांव नौशहारा में वारदात

# बैंक से पैसे निकलवा कर आ रहे व्यक्ति के थैले से 50 हजार चोरी

- पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

गांव नौशहारा में बैंक से पैसे निकलवा कर घर आ रहे व्यक्ति के थैले से चोरों ने 50 हजार रुपये चोरी कर लिए। पीड़ति ने जब थैला चेक किया तो उसमें से पैसे गायब मिले। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी।

जानकारी के अनुसार गांव नौशहारा निवासी मामचंद ने साढ़ौरा थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पैसे निकलवाने के लिए बैंक में गया था। उसने बैंक से पैसे निकलवा कर थैले में डाल लिए। इसके बाद वह अपनी साइकिल पर घर आ रहा था। गांव के नजदीक वह साइकिल को साइड में लगाकर कुछ काम करने लगा। इसके बाद वह घर आ गया। उसने जब घर जाकर अपना थैला चेक किया तो उसमें से 50 हजार रुपए गायब मिले। उसने पैसों की काफी खोजबीन की मगर उनका कुछ भी पता नहीं चला। बाद में उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

---

# विद्यार्थियों को सीबीएसई के उपस्थिति के मानदंडों को पूरा करना जरूरी: कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

होली मदर पब्लिक स्कूल यमुनानगर में शनिवार को 2024-25 शैक्षणिक स्तर में दसवीं समेत अन्य बोर्ड की परीक्षा दे चुके विद्यार्थियों के लिए करियर ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका कश्यप ने की।

मुख्य वक्ता के रुप में केंद्रीय विद्यालय क्रमांक वन हाईग्राउंडस चंडीगढ़ की पूर्व प्राचार्या शाम चावला ने भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों ने भाग लिया।मुख्य वक्ता एवं करियर विशेषज्ञ पूर्व प्राचार्या शाम चावला ने विद्यार्थियों द्वारा कक्षा ग्रुप में अपने भविष्य को सुरक्षित और उज्जवल बनाने के लिए कौन सी स्ट्रीम का चयन करने की शंकाओं को दूर किया। उन्होंने विद्यार्थियों को करियर ओरिएंटेशन संबंधित विस्तार से विभिन्न जानकारियां दी। मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका कश्यप ने बच्चों के अभिभावकों को स्पष्ट रूप से बताया कि स्कूल कभी भी डमी एडमिशन का कभी भी समर्थन नहीं करेगा।



यमुनानगर। मदर पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम में बच्चों को जानकारी देते वक्ता।

---

# घर का ताला तोड़कर नकदी व लाखों के आभूषण उड़ाए

- कस्बा बुडिया में वारदात, पुलिस ने चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

कस्बा बुडिया में चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर एक लाख 14 हजार रुपए तथा सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार बुडिया निवासी वाजिद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह दो अप्रैल को घर का ताला लगाकर परिवार के सदस्यों के साथ किसी काम से बाहर गया था। जब वह वापस लौटा तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से एक लाख 14 हजार रुपए की नकदी, सोने की झुमकियां, दो जोड़ी पायल, नथली, दो चांदी के गले की चेन, गले का हार व अन्य सामान गायब था। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

---

पीएम आगमन को लेकर बैठक में मंथन

# सभी मार्गों का तुरंत करें सौंदर्यकरण: कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

नगर निगम प्रशासन द्वारा शनिवार को निगम कार्यालय में अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने की। उन्होंने निगम अधिकारियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से पूर्व शहर को सुंदर रूप देकर सजाने व विशेष रूप से सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने कहा किशहर के सभी मुख्य मार्गों के साथ अन्य मार्गों को सुंदर रूप दें। सड़क किनारे जमा गंदगी, उगी झाड़ियां साफ करवाएं। जो मार्ग क्षतिग्रस्त हैं उन्हें तुरंत ठीक करवाएं। डिवाइडर दुरुस्त कर उन्हें पेंट कर चमकाएं। सड़क किनारे समतल कर बर्म ठीक कराएं। सभी मार्गों पर सड़क सुरक्षा संबंधित अन्य मानक पूरे किए जाएं। पेड़ों की ट्रिमिंग कर उन्हें सफेद पेंट कर सुंदर रूप दें।



यमुनानगर। निगम कार्यालय में आयोजित अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार।

---

पुलिस ने अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ किया केस दर्ज

# जिले में अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

बुडिया थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव भोगपुर निवासी गौरव कंबोज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पिता सुरेंद्र कुमार साइकिल पर किसी काम से जा रहा था। दोपहर करीब तीन बजे तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली ने उसके पिता की साइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही उसका पिता सड़क पर जा गिरा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसके पिता को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान उसके पिता की मौत हो गई। उधर, बुडिया निवासी जोगिंदर पाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव का ही राजेंद्र किसी काम से अमादलपुर गया था। जब वह गांव के रविदास मंदिर के पास पहुंचा तो अज्ञात बाइक चालक ने राजेंद्र को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से राजेंद्र घायल हो गया। लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

---

# पीएम के कार्यक्रम की सभी तैयारियां समय पर पूरी करें

- आयुक्त डॉ. अमित अग्रवाल ने अधिकारियों की बैठक में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 14 अप्रैल को जिला यमुनानगर के पंचकूला सहारनपुर हाईवे के नजदीक गांव कैल में दीनबंधु छोटूराम थर्मल पावर प्लांट की तीसरी यूनिट का शिलान्यास किया जाएगा। उनके कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर हरियाणा के आयुक्त एवं सचिव विकास एवं पंचायत व सूचना, जन सम्पर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग डॉ. अमित अग्रवाल ने प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल निर्धारित किया गया है। उन्होंने कार्यकारी अभियंता लोक निर्माण विभाग को स्टेज, पंडाल व पार्किंग के कार्य को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। वहीं, जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता को साफ पीने के पानी व शौचालयों का प्रबंध करने के निर्देश दिए।

---

# सचिन की शिव स्तुति शिवालयों में हुई स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा एवं उत्तराखंड के प्रसिद्ध युवा कवि एवं गीतकार सचिन राणा हीरो द्वारा लिखित शिव स्तुति को शनिवार को दुर्गा अष्टमी पर्व के मौके पर दर्जन भर शिवालयों में स्थापित किया गया है। इस दौरान शिव स्तुति को पंडितों द्वारा पूजन आदि करके स्थापित किया गया है। जिसका रोजाना शिवालयों में पहुंचकर शिव भक्त पाठ करके भगवान शिव की स्तुति कर सकेंगे।

कवि एवं गीतकार सचिन राणा हीरो ने हरिभूमि को बताया कि उन द्वारा लिखित शिव स्तुति को शनिवार को दीप ज्योति मंदिर, दीप गंगा हरिद्वार, श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर,ग्रीनस श्री राम मंदिर नवोदय नगर, शिव मंदिर राधिका एन्क्लेव बहादराबाद, प्राचीन शिव मंदिर भलसवा गाज आदि समेत दर्जन भर शिवालयों में स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि उनकी धार्मिक पुस्तक पिछले साढ़े तीन वर्षों से राम भक्तों के मध्य निःशुल्क रुप से वितरित की जा रही है। इस पुस्तक में सुंदर काण्ड का हिंदी सरलीकरण किया गया है। जिससे नयी पीढ़ी को रामजी व हनुमान जी की लीलाओं को सरल भाषा में पढ़ने का माध्यम यह पुस्तक बनी है। अब तक इस पुस्तक के पांच अंकों के लोकार्पण हो चुके हैं।



यमुनानगर। युवा कवि एवं गीतकार सचिन राणा हीरो की शिव स्तुति को शिवालयों में स्थापित करवाते पंडित व अन्य गणमान्य।

### अमेरिकी मंच पर प्रकाशित हो चुकी शिव स्तुति

युवा कवि एवं गीतकार सचिन राणा ने बताया कि गत वर्ष उन द्वारा लिकित यह शिव स्तुति अमेरिका के प्रतिष्ठित मंच पर प्रकाशित हो चुकी है। ज्ञात हो कि कवि सचिन राणा हीरो हास्य कवि के रूप में राष्ट्रीय कवि सम्मेलनों के मंच पर सम्मिलित होते रहे हैं तथा कवि एक प्रसिद्ध मंच संचालक भी है। खास बात यह है कि हालहि में कवि सचिन राणा हीरो ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पर लिखी रचना भी मुख्यमंत्री को भेंट की थी। कवि सचिन राणा हीरो की इस सनातनी धार्मिक पहल के लिए उनकी प्रशंसा व सराहना की गई है।

---

# डिजिटल अरेस्ट से घबराने की बजाय रहें सतर्कः देसवाल



- एसपी राजीव देसवाल ने जिलेवासियों से साइबर ठगी से बचाव पर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

साइबर ठग विभिन्न तरीके अपनाकर लोगों को अपनी ठगी का शिकार बना रहे हैं। साइबर ठगी से बचने के लिए लोगों को सतर्क रहने की जरुरत है। उक्त शब्द जिला पुलिस अधीक्षक राजीव देसवाल ने जिलेवासियों को सतर्क करते हुए कहे। उन्होंने जिलेवासियों को डिजिटल अरेस्ट से घबराने की बजाए सतर्क रहने और तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करने के लिए आहवान किया। पुलिस अधीक्षक राजीव देसवाल ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट साइबर ठगो द्वारा अपनाया जाने वाला ठगी का नया तरीका है। डिजिटल अरेस्ट के मामलो मे ठग किसी सरकारी एजेंसी का अफसर या पुलिस अफसर बनकर वीडियो कॉल करते हैं। वीडियो कॉल के बैकग्राउंड को किसी पुलिस स्टेशन की तरह बना लिया जाता है।

## खबर संक्षेप

### 20 को अंबाला पहुचेंगी साइकिल यात्रा

**अंबाला।** हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रम के तहत ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश लेकर साइक्लोथॉन-2.0 (साइकिल यात्रा) नशा मुक्ति अभियान के तहत 20 अप्रैल को जिला अम्बाला में पहुंचेगी। उपायुक्त अजय सिहं तोमर ने नागरिकों से कहा कि इस अभियान में हिस्सेदारी निभाते हुए नशे के विरुद्ध जन भागीदारी सुनिश्चित करें। साइक्लोथॉन-2.0 में शामिल होने के लिए सरकार द्वारा एक पंजीकरण लिंक जारी किया गया है। यहां इच्छुक व्यक्ति रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर नशा मुक्त हरियाणा मुहिम को सफल बनाना है।

### 8 को सुनी जाएंगी बिजली समस्याएं

**अंबाला।** बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण करने के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अम्बाला छावनी के कार्यकारी अभियंता यूएचबीवीएन कार्यालय में 8 अप्रैल जनवरी 2025 दिन मंगलवार को प्रातः: 11:00 से दोपहर 01:00 बजे तक बैठक का आयोजन किया जाएगा। सर्कल उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम यूएचबीवीएन की अध्यक्षता अधीक्षक अभियंता वीके गोयल करेंगे। अधीक्षक अभियंता विनोद कुमार गोयल ने बताया कि इस दौरान बिजली संबंधित समस्याओं पर सुनवाई की जाएगी।

### कलहरेड़ी में कॉलोनियों से निर्माण ढहाया

**अंबाला।** जिला नगर योजनाकार के दस्ते द्वारा अर्बन एरिया अंबाला छावनी के गांव कलहरेड़ी लगभग 2.5 एकड़ में विकसित की जा रही एक अवैध कॉलोनी में बनी सडक़ों के जाल, नींव तथा चारदीवारी को पूर्णतया धवस्त कर दिया गया। मौके पर जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान, रविंद्र कुमार, रविंद्र (कनिष्ठ अभियंता) व भारी पुलिस दल के साथ उपस्थित थे। चौहान ने आमजन से अपील की है ऐसे कॉलोनियों में कोई भी जमीन की खरीद फरोख्त न करें।

### बराड़ा में 21 वां विशाल भगवती जागरण 6 को

**बराड़ा।** गांव अधोया में हर बार की तरह दुर्गा जागरण कमेटी अधोया की ओर से 21 वां विशाल मां भगवती जागरण 6 अप्रैल दिन रविवार को महाराजा अग्रसेन भवन के नजदीक करवाया जा रहा है। कमेटी के सदस्य आशीष गर्ग ने बताया कि इस बार जागरण में यमुनानगर की मशहूर जागरण पार्टी विनोद राजन एंड पार्टी व अंबाला शहर से बहन कृतिका सरगम अपनी सुंदर वाणी से महामाई का सारी रात गुणगान करेंगे।

### चोरी के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज सामान चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी आशीष कुमार,सुरज,अमित कुमार व गौतम को गिरफ्तार किया है। धर्मेंद्र कुमार ने 4 अप्रैल 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपियों ने नजदीक मामा भांजा पीर से लोहे की प्लेट व अन्य सामान चोरी किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### सीआईए-1 ने प्रोडक्शन वारंट पर किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज भैंस चोरी के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी परवेज उर्फ बिल्ला को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। उसे 2 दिन के रिमांड पर लिया गया है। आरोपी परवेज उर्फ बिल्ला को पहले थाना पंजोखरा क्षेत्र से भैंस चोरी के मामले काबू कर उससे चोरीशुदा भैंस व उसके बच्चे को बरामद किया जा चुके हैं। साबापुर के खेम सिंह ने 26/27 फरवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि रात्रि को आरोपी ने उसकी भैंस चोरी कर ली है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की थी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

**पुलिस की बड़ी कार्रवाई:** अंतरराज्यीय साइबर ठगों से पूछताछ पूरी

# आरोपियों के खिलाफ विभिन्न राज्यों में 47 ठगी की शिकायतें भी दर्ज मिली

**पुलिस को जांच के दौरान एक आरोपी के पास गुरुग्राम में मिला फ्लैट**

**पुलिस ने आरोपियों से 18. 74 लाख की नकदी जब्त की, रुपये गिनने की मशीन, लैपटॉप, 7 मोबाइल व 25 एटीएम भी बरामद किए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंतरराज्यीय साइबर ठग गिरोह के दो आरोपियों से पुलिस ने रिमांड के दौरान 5 लाख नकदी बरामद की है। इसके अलावा आरोपियों से पुलिस ने गुरूग्राम में खरीदे गए फ्लैट की भी जांच की। जांच में यह भी पता चला कि आरोपियों के खिलाफ देश के विभिन्न राज्यों में 47 शिकायतें दर्ज हैं। दरअसल थाना साइबर क्राइम में दर्ज 26 लाख 57 हजार रूपये साइबर फ्रॉड के मामले में पुलिस ने 25 मार्च 2025 को आरोपी सुमित तंवर, नरेंद्र शुक्ला, हर्षित व शैलेंद्र सिंह को दिल्ली व गुरुग्राम से गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपियों से रिमांड के जरिए 5 दिन तक पूछताछ की थी। तब आरोपियों से 1 लाख 12 हजार रुपये बरामद किए थे। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि यूपी के बैंक कर्मी गौरव गुरुग्राम का हार्दिक व दिवेश भी इस मामले में संलिप्त हैं।जांच के दौरान पुलिस ने इन आरोपियों को भी काबू किया था। तब पुलिस ने आरोपी दिवेश के फ्लैट से 10 लाख 72 हजार रूपये नकद, कैश रुपये गिनने की मशीन, मोबाइल व लैपटॉप बरामद किए गए थे व आरोपी हार्दिक से 1 लाख 80 हजार रूपये, मोबाइल फोन बरामद किया गया था। आरोपी हार्दिक व दिवेश को 7 दिन के रिमांड पर लिया गया था। रिमांड के दौरान आरोपी हार्दिक व दिवेश से 5 लाख बरामद किए गए हैं। आरोपी दिवेश के पास गुरूग्राम में एक फ्लैट मिला है जिसकी जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि अब तक की जांच में आरोपियों से 18 लाख 74 हजार नकदी, रूपये गिनने की मशीन, लैपटॉप, 7 मोबाइल फोन, 25 एटीएम कार्ड, 6 चेकबुक बरामद किए गए हैं। अंबाला शहर के सेक्टर 8 के मुनीष ने 25 जून 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 5 अप्रैल 2024 से 1 मई 2024 के दौरान फेसबुक वेबसाइट से से फेक स्टाक मार्केटिंग व ट्रेडिंग के नाम पर उससे 26 लाख 57 हजार की साइबर ठगी हुई है।

- पुलिस ने आरोपियों से रिमांड के जरिए 5 दिन तक पूछताछ की थी



अंबाला। साइबर ठगी के आरोप में पकड़े गए आरोपी पुलिस हिरासत में। फोटो: हरिभूमि

**एसपी की अपील**

**साइबर धोखाधड़ी होती है तो 1930 पर कॉल करें**

इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह मौरिया ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि साइबर धोखाधड़ी से बचने के लिए जागरूकता ही बचाव है। हम सब को हमेशा साइबर ठगी से जागरूक रहना चाहिए। अगर किसी के साथ साइबर धोखाधड़ी होती है तो तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें।

**कलायत की घटना**

# दिन दहाड़े दवा की दुकान से हजारों की नकदी चुराई




कलायत। सीसीटीवी फुटेज में कैद चोरी का आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत पुलिस स्टेशन से कुछ ही दूरी पर स्थित कैलाश मेडिकोज में दिन दहाड़े चोरी का मामला सामने आया है। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर दुकानदार को यह जानकारी मिली। घटना के समय केमिस्ट अनुज मेडिकल स्टोर में अकेला था। जैसे ही वह लघुशंका के लिए बाहर गया तो एक शातिर चोर ने दुकान में प्रवेश कर कैश बॉक्स में रखी नकद राशि चुरा ली और मौके से फरार हो गया।

अनुज को 2 अप्रैल को हुई चोरी का संज्ञान तब हुआ जब वह दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रहा था। फुटेज में एक संदिग्ध युवक को कैश बॉक्स से पैसे निकालते हुए स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। हैरानी का विषय है कि इस मामले पर संबंधित पुलिस जांच अधिकारी अविलंब शिकायत पर कार्यवाही करने की बजाए शिकायतकर्ता को इधर-उधर घूमाते रहे। कभी वे शिकायत को लिखने वाले का नाम पूछ रहे थे तो कभी दूसरे अजीबोगरीब सवाल कर रहे थे। इस दौरान शिकायतकर्ता ने जब थाना प्रभारी से मिलने का प्रयास किया तो मौजूद कर्मी उसे गुमराह करते रहे। शायद वे नहीं चाहते थे कि थाना प्रभारी इस मामले में कार्यवाही के निर्देश उन्हें दें। बाद कहीं जाकर पुलिस जांच अधिकारी प्रदीप कुमार ने शिकायतकर्ता की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कार्यवाही का भरोसा दिलाया। दीगर है कि पूर्व में भी रेलवे रोड क्षेत्र में इस प्रकार की कई छोटी-मोटी चोरी की घटनाएं दिन के समय सामने आ चुकी हैं।

**जांच जारी**

पुलिस जांच अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि विभागीय संगीन मामले की जांच के लिए बाहर है कि शीघ्र ही चोरी की सीसीटीवी फुटेज लेकर जांच को आगे बढ़ाया जाएगा।

# सती माता मंदिर का विवाद सुलझा, सर्वसम्मति से पंचायत को दी गई रखरखाव की जिम्मेदारी

**पंचायत का ऐलान किसी ने मंदिर में तोड़फोड़ की तो होगी कार्रवाई**

**सहमति से मीटिंग के बाद ग्रामीणों ने पंचायत को सौंपी मंदिर की चाबी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपमंडल नारायणगढ़ के गांव बड़ी रसौर स्थित सती माता मंदिर का रखरखाव अब ग्राम पंचायत करेंगे। मंदिर के प्रबंधकों ने सर्वसम्मति से पंचायत को इसकी जिम्मेदारी सौंपी दी है। गांव में टी प्वाइंट पर स्थित इस मंदिर के प्रांगण को पंचायत की ओर से भट्ट बिरादरी के लिए आरक्षित किया गया था। गांव के रहने वाले सुनील दत्त ने अपने खर्च से मंदिर में हाल कमरा, चारदीवारी के निर्माण के साथ ग्रिल भी लगवाई थी। उसकी ओर से अपनी दादी सवित्री देवी व दादा जाति राम की याद में एक शिलापट्ट भी लगवाया था। बताया जा रहा है कि इस पर भट्ट बिरादरी के कुछ लोगों ने ऐतराज जताया था। विवाद को लेकर निपटाने के लिए 26 मार्च 2025 को बिरादरी ने मीटिंग कर मंदिर की देखरेख की जिम्मेदारी पंचायत को सौंपने का निर्णय लिया है। ग्रामीणों ने पंचायत में यह भी निर्णय लिया है कि अब सती माता मंदिर में जो भी निर्माण लंबित है उसे पंचायत की ओर करवाया जाएगा। शिलापट समेत मंदिर के निर्माण से कोई छेड़छाड़ नहीं करेगा। अब अगर कोई भी समाज यहां भंडारा व दूसरा धार्मिक आयोजन करेगा उसे पंचायत से ही अनुमति लेनी होगी। सहमति से ग्रामीणों ने यह भी फैसला लिया है कि अब मंदिर के हाल कमरा व चारदीवारी पर किसी अन्य का शिलापट्ट नहीं लगाया जाएगा। सुनील दत्त ने सहमति के बाद मंदिर की चाबी पंचायत के हवाले कर दी। इस दौरान पंचायत की ओर से पूरे मंदिर की वीडियो व फोटो ग्राफी भी करवाई गई है। पंचायत ने साफ कहा कि अब मंदिर में तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जाएगी।

## हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने माता मनसा देवी दरबार में माथा टेका




चंडीगढ़। शनिवार को माता मनसा देवी के दरबार में माथा टेकने पहुंचे विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण।

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने शनिवार को माता मनसा देवी के दरबार में माथा टेका। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की खुशहाली और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मन्दिर परिसर में पंचकूला जिला उपायुक्त मोनिका गुप्ता और अतिरिक्त जिला उपायुक्त निशा यादव ने विधान सभा अध्यक्ष का स्वागत किया। मंदिर में माता के दर्शन करने उपरान्त विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि नवरात्र पर्व शक्ति साधना का पर्व है। इस दौरान सात्विक भाव से संकल्प लेकर हमें आगे बढ़ना चाहिए।

**50 हजार रिश्वत मांगी थी**

# रिश्वत लेने के आरोपित गुहला थाना प्रभारी को भेजा जेला

- मारपीट का मामला रद करने की एवज में रिश्वत लेते काबू किया था
- एंटी करप्शन ब्यूरो की कार्रवाई से पुलिस विभाग में हड़कंप मचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल में रिश्वत के मामले में गुहला थाना एसएचओ को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने दोपहर के समय कोर्ट में पेश किया। इससे पूर्व एसएचओ से प्रारंभिक पूछताछ की गई। अब एसएचओ को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। एसीबी कैथल इंस्पेक्टर सूबे सिंह ने बताया कि मामले की जांच के लिए आरोपी थाना प्रभारी के दस्तावेज ले लिए हैं।

उन दस्तावेजों के आधार पर मामले की आगामी जांच की जाएगी। उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। बता दें कि शुक्रवार की शाम गुहला के थाना प्रभारी रामपाल को मारपीट का मामला रद्द करने की एवज में 30 हजार की रिश्वत लेते रंगेहाथ काबू किया था। टीम ने उसके खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि थाना प्रभारी इस केस में 20 हजार की राशि पहले ही ले चुका था। इस संबंध में एसीबी को चीका के शिकायतकर्ता ओमप्रकाश ने शिकायत दी थी कि उसके खिलाफ एक मारपीट का मामला दर्ज करवाया गया था।

मामले को रद्द करने को लेकर गुहला के थाना प्रभारी रामपाल द्वारा उससे 50 हजार की मांग की। उसने बताया कि वह थाना प्रभारी को इससे पूर्व 20 हजार की राशि दे चुका है। इसके बाद आरोपी ने 30 हजार और देने की मांग की। एंटी करप्शन ब्यूरो के इंचार्ज सूबे सिंह सैनी ने बताया कि आरोपी थाना प्रभारी को रंगेहाथ काबू करने के लिए लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता वरूण कंसल को डयूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करते हुए रेडिंग पार्टी का गठन किया गया। जैसे ही शुक्रवार शाम शिकायतकर्ता ओमप्रकाश ने आरोपी थाना प्रभारी रामपाल को रिश्वत की 30 हजार की राशि दी तो इशारा पाते ही एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने थाना प्रभारी को काबू कर लिया।

एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम द्वारा उसके कब्जे से रिश्वत की 30 हजार की राशि भी बरामद की है। इस कार्रवाई से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया।

**पैसे की मांग कर रहे थे**

पुलिस चोर पर कार्रवाई करने की बजाय उल्टा उसे ही पकड़ने की बात कहने लगी। यह भी कहा गया कि चोर की शिकायत पर उसके खिलाफ एससी/एसटी एक्ट का केस दर्ज किया जाएगा। इस एवज में पुलिस के अधिकारी उससे 1 लाख रुपए ले गए। जिस एसएचओ को पकड़ा गया है वह उस समय उसके मामले में जांच अधिकारी था। वे लगातार उससे पैसे की मांग कर रहे थे।

# धूमधाम से मनाएंगे हनुमान जन्मोत्सव




अंबाला। हनुमान मंदिर का बाहरी दृश्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जीटी रोड, मोहड़ा में स्थित श्री कृष्णक्षेत्र एवं मनोकामना सिद्ध श्री हनुमान मंदिर में श्री हनुमान का जन्मोत्सव 8 से 12 अप्रैल तक बड़ी धूमधाम व श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा। श्री कृष्ण अन्य क्षेत्र सदा व्रत मोहड़ा के नाम से प्रसिद्ध है और वर्तमान में इसका नाम मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है। यहां लोगों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं इसलिए लोग दूर-दूर से मनोकामना पूर्ण होने के बाद नमस्कार करने आते हैं। स्वामी पूर्णानंद गिरि महाराज ने बताया कि 8 अप्रैल को प्रातः 9 बजे सीता राम पूजन, शालीग्राम अभिषेक एवं रामचरितमानस पाठ आरंभ किया जाएगा। बुधवार 9 अप्रैल को प्रातः 11 बजे दुर्गा सप्तशती पाठ आरंभ होगा। वीरवार 10 अप्रैल को सायं 4 बजे रामचरितमानस पाठ संपूर्ण होगा तथा सांय 5 बजे भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया जाएगा। शुक्रवार 11 अप्रैल रात्रि 8 बजे दुर्गा सप्तशती के मंत्रों द्वारा हवन यज्ञ किया जाएगा। 12 को श्री हनुमान जी जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में हनुमान जी का अभिषेक प्रातः 9 बजे, कन्या पूजन प्रातः 11 बजे, ब्राह्मण भोज दोपहर 12 बजे तत्पश्चात विशाल भंडारा प्रभु इच्छा तक आयोजित होगा।

# जींद में पति ने पत्नी की कर दी निर्मम हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कहते हैं कि शक पत्थर को भी पाड़ देता है। ऐसा ही कुछ नरवाना की इंदिरा कालोनी में देखने को मिला। जहा पर रात को पति ने चरित्र संदेह के चलते अपनी पत्नी की चटनी कुटने वाली पत्थर की कुंडी से सोते समय सिर मे वार कर निर्मम हत्या कर दी। वह भी उसी दौरान जब पूरी दुनिया नवरात्रे रख कर कर शक्ति मां दुर्गा के स्वरूपों की पूजा अर्चना कर रही है। लोमहर्षक घटना ने पूरे इलाके को हिलाने के साथ हंसते खेलते परिवार को बर्बादी पर धकेल दिया। मूलतः चंदा नगर भूना निवासी सूरज अपनी पत्नी नेहा 28 तथा चार बच्चों के साथ नरवाना की इंदिरा कालोनी में किराये के मकान मे रह रहा था। सूरज राजमिस्त्री का कार्य करता है। जबकि उसकी पत्नी नेहा नरवाना के निजी स्कूल मे स्वीपर थी। सूरज को अपनी पत्नी नेहा के चरित्र पर संदेह था।

**करता था चरित्र पर शक**

साल पहले सूरज के साथ हुई थी। शादी के बाद से नेहा के चरित्र पर संदेह करता था। नेहा ने तीन लड़कियों तथा एक लड़के को जन्म दिया लेकिन सूरज पत्नी पर संदेह करता रहा। जिसके चलते वह भूना को भी छोड़ आया था। नरवाना आने के बाद नेहा के स्कूल के कर्मियों से सबध होने का संदेह करने लगा।

**गुरु मानयो ग्रंथ चेतना समागम श्रद्धा के साथ संपन्न**

# हमें खुद को बेहतर बनाने की जरूरत: ढांडरियां

- समागम में सैकड़ों की संख्या में संगत ने गुरु ग्रंथ साहिब समक्ष शीश नवाकर अरदास की
- संत रणजीत सिंह ढांडरियां वाला ने संगत को किया निहाल, इंसान रोज करें अपनी तुलना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

खान अहमदपुर स्थित ब्राइट फ्यूचर इंटरनेशनल अकाल अकादमी के प्रांगण में गुरु ग्रंथ साहिब सेवक ट्रस्ट व इलाके की संगत के सहयोग से खालसा पंथ सृजना दिवस वैशाखी को समर्पित गुरु मानयो ग्रंथ चेतना समागम श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ । समागम में सैकड़ों की संख्या में संगत ने गुरु ग्रंथ साहिब समक्ष शीश नवाकर अरदास की । भाई रणजीत सिंह ढ़ांडरियां वाले ने संगत को गुरबाणी से निहाल किया।

उन्होंने कहा कि हमें खुद को बेहतर बनाने की जरूरत है। हमें हर रोज अपने आप से तुलना करनी चाहिए कि मैंने क्या अच्छा किया है। लेकिन आदमी स्वयं का मुकाबला अन्य से करता है।

अगर हम स्वयं को बेहतर बना लेंगे तो सब सही हो जाएगा। सब पहले से कई गुणा बेहतर और लाभदायक होगा । उन्होंने लोगों को कहा कि इंसान बने, इंसानियत से प्यार करें । उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने और मोबाइल फोन का प्रयोग कम से कम करने की अपील की।



मुलाना। भाई रणजीत सिंह ढ़ांडरियां वाले संगत को निहाल करते। फोटो: हरिभूमि

**20 यूनिट रक्त एकत्रित किया**

इससे पूर्व सेवा ट्रस्ट युके द्वारा रक्त दान शिविर का भी आयोजन किया गया । जिसमें 20 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। भाई रणजीत सिंह ने रक्तदान करने वालों का हौसला बढ़ाया । वहीं अमृत संचार में 43 प्राणियों ने अमृत संचार किया। इस दौरान आयोजकों द्वारा अटूट लंगर का आयोजन किया गया था। समागम में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी खानअहमदपुर, निरभऊ निरवैर फाउंडेशन कुरूक्षेत्र , बाबा बंदा सिंह बहादुर सेवा सोसायटी बराड़ा, सिंह ब्रदर वेलफेयर सोसाइटी, सेवा ट्रस्ट युके, मास्टर गुलाब सिंह, तलविंद्र सिंह , सुखदीप सिंह कुरूक्षेत्र, बाबा कश्मीरा सिंह करनैल,एचएसजीपीसी सचिव सुखविंद्र सिंह मंडेबर , मनदीप रोड़ छप्पर , हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सदस्य राजिंद्र सिंह, रणजीत सिंह खटडा, लक्की नहौनी,अमन कुमार, कृष्ण राणा,रजत मलिक सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

बीते वर्ष रामनवमी के पावन अवसर पर अयोध्या में सूर्य किरणों से नवप्रतिष्ठित रामलला के ललाट पर सूर्य तिलक किया गया था। आज रामनवमी से प्रतिदिन रामलला के सूर्य तिलक की योजना बनाई गई है। ऐसा कैसे संभव होगा, इसके लिए कैसे तकनीक काम करेगी और देश-विदेश में ऐसा और कहां हो चुका है? इस बारे में विस्तार से जानिए।

# श्रीरामलला के ललाट पर नियमित होगा सूर्य तिलक



आवरण कथा

लोकमित्र गौतम

आज से अयोध्या के श्रीराम मंदिर में रामलला का प्रतिदिन सूर्य तिलक होगा। यह फैसला मंदिर निर्माण समिति ने लिया है। इसके तहत करीब 4 मिनट तक सूर्य की किरणें रामलला के ललाट को सुशोभित किया करेंगी। समिति के अध्यक्ष और पूर्व आईएएस नृपेंद्र मिश्र के मुताबिक हर दिन सूर्य तिलक की प्लानिंग अभी अगले 20 सालों तक के लिए की गई है।

गौरतलब है कि पिछले साल रामनवमी के दिन यानी 17 अप्रैल, 2024 को पहली बार रामलला का राजतिलक सूर्य की किरणों से किया गया था, जिसे 'सूर्य तिलक' कहा गया। इसकी वैज्ञानिक तकनीक मुख्य रूप से प्रकाश के परावर्तन और अपवर्तन के सिद्धांतों पर आधारित है।

## कैसे किया गया सूर्य तिलक

सूर्य तिलक के लिए सबसे पहले संग्रहण लेंस और दर्पणों की मदद से सूर्य की किरणों को एक नियत स्थान पर केंद्रित किया गया। यह सूर्य की स्थिति की सटीक खगोलीय गणना और इंजीनियरिंग का कमाल था, जिससे दर्पणों और लेंसों को एक खास कोण पर स्थापित किया गया, जिससे सूर्य की किरणें सीधे रामलला के मस्तक पर सुशोभित हुईं। इस समूची प्रक्रिया में सौर संरेखण और भारतीय खगोलशास्त्र के सटीक ज्ञान का प्रयोग किया गया। पहले ऐसा करना हर वर्ष रामनवमी के दिन के लिए प्रस्तावित था। लेकिन आज रामनवमी से अगले 20 सालों तक हर दिन ऐसा होगा।

## पहले भी हुआ है ऐसा

मुगलों द्वारा क्षतिग्रस्त किए जाने के पहले तक ओडिशा स्थित कोणार्क के सूर्य मंदिर के मुख्य गर्भगृह तक भी सूर्य की पहली किरणें पहुंचती थीं। लेकिन वहां किसी प्रतिमा के मस्तक पर सटीक तिलक नहीं होता था। इसी तरह महाराष्ट्र के कोराडी मंदिर में भी सूर्य की किरणें एक विशेष दिन गर्भगृह में प्रवेश करती हैं। ऐसे ही मदुरै (तमिलनाडु) के मीनाक्षी मंदिर में भी सूर्य की रोशनी गर्भगृह तक पहुंचती है। बृहदेश्वर मंदिर (तंजावुर) में भी विशेष संरेखण के जरिए शिवलिंग पर एक निश्चित समय सूर्य की रोशनी गिरती है। लेकिन इन सभी मंदिरों में किसी मूर्ति के सटीक मस्तक पर तिलक होने की तकनीक पहले कभी नहीं थी, जिस तरह की तकनीक से अयोध्या में रामलला के मस्तक को सुशोभित किया जा रहा है। ऐसी विशिष्ट तकनीक पहली बार प्रयोग की गई है। इससे पहले की सारी तकनीकें प्रकाश संरेखण के जरिए सूर्य की किरणों को गर्भगृह पहुंचाने तक ही सीमित थीं।



कोणार्क का सूर्य मंदिर



रामनवमी विशेष

## अनोखी है यह तकनीक

यह तकनीक वास्तव में इंजीनियरिंग और खगोलशास्त्र का संगम है। इस तकनीक में खगोलशास्त्र और भौतिकी (प्रकाश) विज्ञान का एक साथ उपयोग किया गया है। वास्तव में यह दुर्लभ संरेखण यानी रेयर एलाइनमेंट, बेहद सटीक काल गणना और दर्पण-लेंस प्रणाली के बेहतरीन समन्वय का नतीजा होती है। पहली बार किसी मंदिर में यह सूर्य किरण तिलक धार्मिक अनुष्ठान का हिस्सा बना है। सूर्य तिलक बेहद जटिल तकनीकी है। केवल किसी खास दिन, केवल कुछ निश्चित क्षणों के लिए इसे सुनिश्चित करना भी बड़ी विशेषज्ञता है।

## ऐसे होगा हर दिन सूर्य तिलक


चूंकि आज रामनवमी से प्रतिदिन रामलला का सूर्य तिलक किया जाना प्रस्तावित है, इसलिए मन में ऐसे सवाल उठने स्वाभाविक हैं कि जिस दिन सूर्य उगने के समय बारिश हो रही होगी, धुंध और कोहरा छाया होगा, उस दिन यह सब कैसे संभव होगा? जानकारों के मुताबिक अगर किसी दिन बारिश, बादल या मौसम की खराबी के कारण सूर्य दिखाई नहीं देगा, उस दिन यदि सूर्य तिलक की तकनीक पूरी तरह से प्रत्यक्ष सूर्य प्रकाश पर निर्भर होगी तब तो उस दिन सूर्य तिलक संभव नहीं होगा। चूंकि खगोलीय घटनाएं स्वाभाविक रूप से मौसम पर निर्भर होती हैं, इसलिए दुनिया के किसी भी स्थान पर 100% ऐसा करना प्राकृतिक ढंग से सुनिश्चित नहीं किया जा सकता। लेकिन इसे बिना प्रत्यक्ष सूर्योदय के भी 100 फीसदी विभिन्न वैज्ञानिक तकनीक से संभव है। इसके लिए कुछ वैकल्पिक तकनीकी समाधान अपनाए जा सकते हैं, जैसे आर्टिफिशियल लाइटिंग सिस्टम। जिस तरह से सौर ऊर्जा संयंत्रों में सोलर लैंप का उपयोग किया जाता है, उसी तरह एक विशेष प्रकार की प्रकाशीय व्यवस्था यहां भी की जा सकती है। यह एलईडी या लेजर तकनीक का उपयोग कर सूर्य के प्रकाश का कृत्रिम रूप तैयार कर सकती है, जिससे तिलक की परंपरा जारी रह सके। रिफ्लेक्टर मिरर सिस्टम से भी यह संभव है। यदि किसी दिन प्रत्यक्ष सूर्योदय न हो तो इसके लिए पिछले दिनों के एकत्रित प्रकाश का उपयोग किया जा सकता है।

## होलोग्राम तकनीक का विकल्प

एक अन्य विकल्प थ्री डी प्रोजेक्शन या होलोग्राम तकनीक भी हो सकती है, जो तिलक के प्रभाव को ठीक वैसे ही दिखाएगी, जैसा वास्तविक सूर्य तिलक के दौरान होता है। हालांकि मंदिर प्रशासन ने अब तक किसी आपातकाल में कृत्रिम विकल्प अपनाने की घोषणा नहीं की है, लेकिन भविष्य में यदि भक्तों की मांग बढ़ती है, तो कृत्रिम रोशनी या वैकल्पिक तकनीकों को शामिल किया जा सकता है।

## और भी हैं तकनीकें

कई बार ऐसा भी होता है कि मौसमी परिस्थितियों के चलते सामान्यतः सूर्य उगता हुआ नहीं दिखता, लेकिन वैज्ञानिक तथ्य यही होता है कि तब भी सूरज बादलों के पार उगा होता है और उसकी रोशनी किसी न किसी रूप में धरती पर आ रही होती है। यानी, नियत समय पर तब भी सूर्य अपनी जगह पर उग चुका होता है। वैज्ञानिक उपकरणों की मदद से इस रोशनी का इस्तेमाल सूर्य तिलक के लिए संभव है। इसके लिए, आधुनिक प्रकाशीय तकनीकों (ऑप्टिकल टेक्नोलॉजी) और सौर ऊर्जा संग्रहण प्रणालियों का उपयोग किया जा सकता है। ऑप्टिकल सेंसर और रिले मिरर के साथ-साथ सोलर ट्रैकिंग सेंसर के जरिए जब सूरज उगा हुआ न दिखे तब भी यह संभव है। क्योंकि ये सेंसर सूर्य की स्थिति को ट्रैक करते हैं, भले ही वह बादलों के पीछे छिपा हो। ऐसे में सूर्य की हल्की सी रोशनी को भी ये सेंसर विशेष दर्पण प्रणाली की मदद से मूर्ति के मस्तक तक पहुंचा सकते हैं। इस तकनीक में फाइबर ऑप्टिक्स का भी उपयोग किया जा सकता है और सूरज की धुंधली रोशनी को भी केंद्रित किया जा सकता है। लब्बोलुआब यह कि वैज्ञानिक उपकरणों की मदद से बादलों के बावजूद सूर्य तिलक संभव किया जा सकता है, लेकिन इसके लिए सोलर ट्रैकिंग, रिले मिरर जैसी लेजर तकनीकों का उपयोग करना होगा। *



## दुनिया में और कहां होता है ऐसा

किसी प्रतिमा पर सूर्य किरण से तिलक करने की घटना एक अन्य देश में भी होती है। अबू सिंबल मंदिर (मिस्र) में हर वर्ष 22 फरवरी और 22 अक्टूबर को सूर्य की किरणें सीधे फराओ रामसेस द्वतीय की मूर्ति पर पड़ती हैं। लेकिन मूर्ति के मस्तक जैसे किसी एक विशेष स्थान पर सटीक ढंग से महज कुछ मिनटों के लिए सूर्य की किरणें नहीं गिरतीं जैसे कि अयोध्या के राम मंदिर में प्रतिष्ठित रामलला की मूर्ति के ललाट पर गिरती हैं।

# राम नाम की महिमा अपार

दो अक्षरों से निर्मित 'राम' नाम की महिमा की थाह अपार, अनंत और कल्याणकारी मानी जाती है। पुराणों से लेकर धार्मिक साहित्य में भी इस नाम की महत्ता का गुणगान मिलता है। अनेक देशों में राम नाम के नगर और राम नाम धारी अनोखे बैंक इसे प्रमाणित करते हैं।

महात्म्य

शिखर चंद जैन

आपने यह भजन तो अवश्य सुना होगा, 'राम से बड़ा राम का नाम।' यह सुनकर आश्चर्य हो सकता है कि भला प्रभु राम का नाम, उनसे भी बड़ा कैसे हो सकता है! लेकिन यह बात महान ऋषि, मुनि, विद्वान और धर्माचार्य भी कहते रहे हैं। राम का नाम जपने वाले कई संत और कवि हुए हैं। जैसे कबीरदास, तुलसीदास, रामानंद, नाभादास, स्वामी अग्रदास, प्राणचंद चौहान, केशवदास, रैदास या रविदास, दादू दयाल, सुंदरदास, मलूकदास, समर्थ रामदास आदि। प्रभु श्रीराम का नाम सुमिरन करते हुए, नाम जप करते हुए असंख्य साधु-संत मुक्ति को प्राप्त हो गए हैं। कई पुराणों में भी इस तरह का उल्लेख किया गया है कि कलयुग में राम नाम का जप ही लोगों को भवसागर से पार ले जाने वाला सिद्ध होगा।





## शिव भी जपते राम का नाम

पौराणिक मान्यता है कि राम नाम की महिमा का वर्णन शिवजी से सुनकर माता पार्वती भी उनका नाम जप करती हैं। शिवजी हनुमानजी का अवतार लेकर भी राम का नाम ही जपते रहते हैं। रामचरित मानस में तुलसीदास जी ने राम नाम की महिमा का कई जगहों पर वर्णन किया है-

महामंत्र जोइ जपत महेसू। कासी मुकुति हेतु उपदेसू॥
महिमा जासु जान गनराऊ। प्रथम पूजिअत नाम प्रभाऊ॥

अर्थात जो महामंत्र है, जिसे महेश्वर श्री शिवजी जपते हैं और उनके द्वारा जिसका उपदेश काशी में मुक्ति का कारण है तथा जिसकी महिमा को गणेशजी जानते हैं, जो इस 'राम' नाम के प्रभाव से ही सबसे पहले पूजे जाते हैं। एक अन्य स्थल पर वे कहते हैं-

रामनाम कि औषधि खरी नियत से खाय,
अंगरोग व्यापे नहीं महारोग मिट जाए।

अर्थात, राम नाम का जप एक ऐसी औषधि के समान है, जिसे अगर सच्चे हृदय से जपा जाए तो सभी आदि-व्याधि दूर हो जाती हैं, मन को परम शांति मिलती है।

## स्वयं प्रभु को हुआ अचरज

राम नाम की महिमा का एक प्रसंग बहुत चर्चित है। आपने भी रामायण में पढ़ा होगा कि रामसेतु के निर्माण के समय हर पत्थर पर राम नाम लिखा जा रहा था और हर कोई राम नाम का जयघोष कर रहा था। राम के नाम लिखे पत्थर जब तैरने लगे तो प्रभु श्रीराम भी आश्चर्य में पड़ कर सोचने लगे। उन्होंने सोचा कि जब मेरे नाम लिखे पत्थर तैरने लगे हैं तो यदि मैं कोई पत्थर फेंकता हूं समुद्र में तो उसे भी तैरना चाहिए। मन में यही विचार करके उन्होंने भी एक पत्थर उठा लिया, जिस पर राम का नाम नहीं लिखा था और उसे समुद्र में फेंक दिया, लेकिन वह पत्थर डूब गया। भगवान श्रीराम आश्चर्य में पड़ गए कि आखिर ऐसा क्यों हुआ? दूर खड़े हनुमानजी यह सब देख रहे थे। उन्होंने श्रीराम से कहा, 'प्रभु! आप जिस दुविधा में हैं उसका उत्तर मैं देता हूं। हे प्रभु! आपके नाम को धारण कर तो सभी अपने जीवन की नैया को पार लगा सकते हैं, लेकिन जिसे आप स्वयं त्याग रहे हैं, उसे डूबने से भला कोई कैसे बचा सकता है?'

## पाप-अज्ञान से मिले मुक्ति

राम के नाम में इतनी शक्ति है कि उनके नाम का जप करते हुए वाल्मीकि, देवतुल्य ऋषि और तुलसीदास, अज्ञानी से महान ज्ञानी-संत कवि बने।

## दुनिया भर में व्याप्त राम का नाम


भगवान राम के नाम का डंका भारत भूमि पर ही नहीं, बल्कि विदेशी धरती पर भी बजता है। एक अध्ययन के मुताबिक राम, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पूज्यनीय हैं। हॉलैंड का महर्षि वैदिक विश्वविद्यालय ऐसा नक्शा बना रहा है, जिसमें राम के नाम से जुड़े करीब एक हजार नगर हैं, इस पर काम चल रहा है। राम नाम से दुनिया के अनेक देशों में नगर मौजूद हैं। इनमें शामिल हैं- ऑस्ट्रेलिया-रामसे, अलास्का-रामीज, बेल्जियम-इवोज रामेट, रामसेल, अफगानिस्तान-रामबुत, जर्मनी-रामवर्ग, रामस्टीन, रामबो, जिंबाब्वे-रामक्काड, लीबिया-रामलहर, लेबनान-रामाथी, सीरिया- रामर, रामट, मैक्सिको-रामीनेज, रामोनल, केन्या-रामा, रामी, डेनमार्क-रामी, रामसी, रामटेनऑ, अमेरिका-रामपो, रामह, रामरीटो, रामीरेज, इराक-रमन, रामूटा, रामा, रामाला, ईरान-रामरोद, रामसार, रामिस्क, रामिया, रूस- रामासुख, रामेसा, रामेला, रामेस्फ, स्पेन- रामाल्स डला विक्टोरिया, इंग्लैंड-रामसगबेट, राम्सगिन, राम टेक्पासाइड, फ्रांस-रामट्यूवेल, सेंट रामवर्ट, सेंट रामबाउलर *

## अनोखी आस्था : राम नाम का बैंक





**बनारस की** पावन धरती पर राम नाम की महिमा को समर्पित राम नाम का एक बैंक है। इस बैंक का नाम है 'राम रमापति बैंक'। यह देश में नित नए खुल रहे राम नाम बैंकों में से सबसे पुराना है। यहां 'राम नाम' का कर्ज भी मिलता है। इस बैंक को 1926 में दास छन्नूलाल ने स्थापित किया था। बैंक के नियम कायदे काफी कठोर हैं, जिनका पालन ग्राहकों को अनुशासित रूप से करना पड़ता है। हर ग्राहक को 500 बार रोज के हिसाब से 1,25,000 बार राम नाम लिखने का वादा करना पड़ता है, वह भी सुबह 4 बजे से शाम को 7 बजे के बीच की अवधि में। लेखन सामग्री और स्याही आदि सब बैंक द्वारा उपलब्ध करवाया जाता है। लाल स्याही के पावडर को गंगा नदी के जल में घोलकर स्याही बनानी पड़ती है। इतने कड़े नियमों के बावजूद इस अनूठे बैंक के डेढ़ लाख आजीवन सदस्य हैं। भगवान की जन्मभूमि अयोध्या में भी अंतरराष्ट्रीय 'श्री सीताराम बैंक' है। यहां सभी भाषाओं में राम का नाम लिखा हुआ स्वीकार किया जाता है। इस बैंक की 101 शाखाएं हैं, जो न सिर्फ हमारे देश में बल्कि अमेरिका, कनाडा, नेपाल और फिजी में भी हैं।



नवगीत

डॉ. माणिक विश्वकर्मा 'नवरंग'

## गमलों के बरगद

छांव नहीं दे पाते हैं
गमलों के बरगद
उन्हें देखकर नागफनी
होती है गदगद।
कुछ भी कहने पर बंदिश
हो, हाथ बंधे हों
जिस पर कलम चलाना हो
वो पत्र कंधे हों
नहीं मायने रखता
ऐसे में कोई पद।
अपने बूते चलने वाले
कम दिखते हैं
कुछ परबुधिया हो जाते हैं
कुछ बिकते हैं
लोग तय किया करते हैं
अब औरों की हद।
टेढ़े पेड़ों को हरदम
कटना पड़ता है
बिना मोल के लोगों में
बंटना पड़ता है
जड़ें कटी हों जिसकी
घटता है उसका कद।
निर्भय होने पर ही चिड़िया
उड़ पाती है
खुले गगन से जीवन भर
फिर जुड़ पाती है
पंख तभी खुलते हैं जब
वो भरती है डग।

अरे मियां, घिबली इंसानों की फोटो को कार्टून में बदलता है। हम तो जैसे थे वैसे ही हैं। हमारे सहित लाखों लोग लगे हैं कार्टून बनने में। अब खुद करके देखिए तो समझ जाइएगा कि ये घिबली क्या बला है!

# कार्टून इंसान की कार्टून छवि



व्यंग्य

संदीप भटनागर

चुन्नी बाबू सुबह से छः बार कॉल कर चुके थे और हम बात करना टाल रहे थे। सोचा थोड़ी देर में खुद ही समझ जाएंगे लेकिन जब सातवीं बार फिर मोबाइल रिंग के साथ स्क्रीन पर उनका नाम चमका तो लगा कि उधर कुछ ज्यादा ही बेचैनी है।

फोन उठाते ही चुन्नी बाबू गरियाए 'अमां क्या अहमक आदमी हैं आप, एक ओर हमारी दोस्ती का दम भरते हैं और दूसरी ओर हमारे कॉल्स नजरअंदाज करते हैं? एक-दो कॉल हो तो ठीक है छः कॉल घोट कर पी गए। खुदा न खास्ता कोई इमरजेंसी हो तो हम तो तुम्हारे भरोसे नप ही जाएं। तुम्हारे इसी एटीट्यूड के कारण हमने हमारी संभावित 'फोन अ फ्रेंड' की लिस्ट में से तुम्हारा नाम डिलीट कर दिया है।'

चुन्नी बाबू पिछले कई सालों से हॉट सीट के चक्कर में लगे थे।

क्षणिक चुप्पी के बाद चुन्नी बाबू की गहरी सांस ने सिग्नल दिया कि अब बोलने की बारी हमारी है।

'ऐसी तो कोई बात नहीं चुन्नी बाबू कि हम आपका कॉल नजरअंदाज करें वो बस सुबह की मसरूफियत में आपके कॉल मिस कर बैठे, अब बताओ कौन सी इमरजेंसी आन पड़ी है?'

चुन्नी बाबू थोड़ा नॉर्मल होकर बोले, 'सुना है, तुमने अपने रिटायरमेंट के बाद लोगों को ज्ञान बांटने का काम चालू किया है?'

'अरे नहीं चुन्नी बाबू, हम क्या ज्ञान बांटेंगे? इस काम में तो अनेक सोशल मीडिया यूनिवर्सिटी और हजारों वाट्सएप समूहों के एडमिन और लाखों सदस्य दिन-रात लगे पड़े हैं। हमें तो बस कोई बुलाता है तो चले जाते हैं। इस बहाने अपना भी टाइम पास हो जाता है।'

'चलो ठीक है मान ली तुम्हारी बात, लेकिन उसके लिए तुम्हें दुनिया भर की खबर भी तो होनी चाहिए।' अब चुन्नी बाबू ज्ञान बांटने के मूड में लगे।

हमने कहा, 'हां इसी कोशिश में हम कुछ न कुछ पढ़ते-लिखते रहते हैं।'

'पढ़ना-लिखना सब पुराना ट्रेंड हो गया है, इससे कुछ नया हासिल होने वाला नहीं है। हर रोज नई-नई चीजें ट्रेंड हो रही हैं और तुम किताबों से माथा-पच्ची में लगे हो। पिछले कुछ दिनों से घिबली ने देश-दुनिया को हिलाकर रखा है।' चुन्नी बाबू ने हमें धिक्कारा।

हमें लगा कि म्यांमार और पड़ोसी देशों में आए विनाशकारी भूकंप के बाद यह कोई नई मुसीबत आई है। हमने अपने ज्ञान तंतुओं को एकत्रित कर पूछा, 'क्या घिबली कोई नया तूफान या चक्रवात है, जिसकी हमें खबर नहीं है?' बहुधा चक्रवात और तूफानों के इस तरह के नामकरण करने की परंपरा है।

चुन्नी बाबू हमारे अज्ञान पर तरस खाकर बोले, 'अपनी भूरी, मटमैली, नीरस किताबी दुनिया से बाहर निकल कर कुछ समय सोशल साइट्स की रंग-बिरंगी दुनिया में बिताओ तो पता लगे कि क्या हैशटैग हो रहा है और क्या ट्रेंड कर रहा है?'

हम अपनी गैर सामाजिक छवि पर शर्मिंदा हुए और समर्पण भाव से बोले, 'आप ही बता दीजिए कि घिबली क्या बला है, और इसका इतना शोर क्यों है?'

'जनाब इसका पूरा नाम घिबली स्टाइल पोर्ट्रेट है, जो चैटजीपीटी का नया एआई टूल है।' चुन्नी बाबू ने अपनी ज्ञान की पोटली खोली।

'अच्छा! मतलब विज्ञान का तरक्की की ओर एक और कदम। यह हम इंसानों की किस तरह मदद करेगा?' हम चुन्नी बाबू के ज्ञान कुंड में गोता मारने की तैयारी में थे।

'यह इंसानों को कार्टून में बदल देता है।' चुन्नी बाबू के स्वर में उत्साह था।

हमने पूछा, 'आपने ट्राय किया?'

'हां किया और यही बताने के लिए तो सुबह से सात कॉल कर चुके हैं।'

हे भगवान! तो क्या अब चुन्नी बाबू की जगह उनके कार्टून से काम चलाना होगा और उनकी बीवी परम आदरणीय हमारी भाभी जी का क्या होगा? वो तो दिन भर में पचासियों बार उन्हें कार्टून घोषित करती रहती हैं। अब तो घोषित करने लायक कुछ रहा ही नहीं।

'मिलने पर हम आपको पहचान पाएंगे?' हमने अपनी शंका जाहिर की।

'हमें क्या हुआ है?' चुन्नी बाबू चौंक कर बोले।

हमने कहा, 'अरे! अभी तो आपने कहा कि आप घिबली के वश में आकर कार्टून बन गए हैं।'

चुन्नी बाबू हमारी नादानी पर खुल कर हंसते हुए बोले, 'अरे मियां, घिबली इंसानों की फोटो को कार्टून में बदलता है। हम तो जैसे थे वैसे ही हैं। हमारे सहित लाखों लोग लगे हैं कार्टून बनने में। चलिए बहुत हुआ अब खुद करके देखिए तो समझ जाइएगा।' कह कर चुन्नी बाबू ने फोन काट दिया।

हम सोच रहे थे कि तरक्की की होड़ में दौड़ते-हांफते कार्टून बन चुके इंसान की छवि को कार्टून बनाने में इतने पैसे खर्च क्यों किए? और कर भी दिए तो ये झुनझुना हमें क्यों थमा दिया? हमारे अपने झुनझुने कम थे क्या? अब बजाने के लिए यह झुनझुना मुफ्त में मिल ही गया है तो हम भी टूट पड़े उसे टूटने की हद तक बजाने के लिए।

बीते सप्ताह यह खबर भी आई कि ओपन एआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने हाथ जोड़ कर इंसानों से विनती की है कि कार्टून बनने-बनाने की प्रक्रिया को धीमा करें ताकि उनके टूल्स लंबे समय तक प्रभावी रूप से इंसान की छवि को कार्टून बनाते रहें। *

## रचनाएं आमंत्रित...

हिंदी दैनिक **हरिभूमि** के फीचर पृष्ठों (रविवार भारती, सहेली, बालभूमि और सेहत) में प्रकाशनार्थ आलेख, छोटी कहानियां, कविताएं, व्यंग्य, बाल कथाएं आमंत्रित हैं। लेखकों से अनुरोध है कि अपनी रचनाएं कृतिदेव या यूनिकोड फॉन्ट में हमें ईमेल आईडी haribhoomifeaturedep@gmail.com पर मेल करें।


विशेषः हनुमान जन्मोत्सव, 12 अप्रैल

धार्मिक स्थल / शिखर चंद जैन

वैसे तो रामभक्त हनुमानजी के अनेक मंदिर अपने देश में स्थित हैं। अपने देश के अलावा विदेशों में भी हनुमानजी के कई प्रतिष्ठित और अनूठे मंदिर हैं। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर हम आपको देश-विदेश के कुछ अनूठे हनुमान मंदिरों के बारे में यहां बता रहे हैं।

# देश-विदेश में स्थित हनुमान जी के अनूठे मंदिर






## पंचमुखी हनुमान मंदिर, पाकिस्तान

**आपको जानकर** अचरज हो सकता है कि पाकिस्तान के कराची में स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर दुनिया के सबसे पुराने हनुमान मंदिरों में से एक माना जाता है। बताया जाता है कि यह मंदिर लगभग 1500 साल पुराना है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार वनवास के दौरान भगवान राम उस स्थान पर आए थे, जहां यह मंदिर बना हुआ है। सदियों पहले खुदाई में यहां हनुमान जी की मूर्ति मिली थी। श्रद्धालुओं का मानना है कि यहां यह मूर्ति दैवीय शक्ति से प्रकट हुई थी। इसलिए यहां भव्य मंदिर बना दिया गया। साल 2019 में यहां हनुमान जी की 9 अन्य मूर्तियां प्राप्त हुई थीं। इस मंदिर के प्रति श्रद्धालुओं में जिज्ञासा और आस्था बढ़ती ही जा रही है। पंचमुखी हनुमान मंदिर को पाकिस्तान में राष्ट्रीय विरासत का दर्जा भी मिला हुआ है। *




## दत्तात्रेय मंदिर प्रांगण, त्रिनिडाड-टोबैगो



**त्रिनिडाड-टोबैगो** देश के कारापीचैमा/करापीचाइमा नामक स्थान में स्थित दत्तात्रेय मंदिर 9 जून 2003 को खोला गया था। इस मंदिर में हनुमान जी की 85 फीट ऊंची मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। साथ ही मूर्ति के आधार स्थल पर एक छोटा हनुमान मंदिर, दत्तात्रेय और अनघा देवी की प्रतिमाएं, राज राजेश्वरी, गणपति की प्रतिमा और शिव लिंग की भी स्थापना की गई है। भारत के बाहर मौजूद हनुमान जी की यह सबसे बड़ी प्रतिमाओं में से एक है। दक्षिण भारत की द्रविड़ वास्तुकला शैली में इस हनुमान प्रतिमा का निर्माण किया गया है। मुख्य मंदिर में प्रवेश करने से पहले भक्तों के पैर धोने के लिए कंक्रीट से निर्मित हाथी की दो विशाल प्रतिमाओं से पानी उपलब्ध कराया जाता है। मंदिर के प्रवेश द्वार पर एक गुंबद है, जिसमें सात अलग-अलग रंगों में विभिन्न प्रकार के वाद्ययंत्र बजाते हुए संगीतकारों की प्रतिमाएं मौजूद हैं। *

## श्री आंजनेय मंदिर, मलेशिया



**यह मंदिर** मलेशिया के पोर्ट डिक्सन में स्थित है। अपने साथ जुड़ी रहस्यमयी कहानियों के कारण आंजनेय मंदिर दुनिया भर में प्रसिद्ध है। ऐसा माना जाता है कि मंदिर में रखी हनुमान प्रतिमा ने खुद ही अपना चेहरा रामेश्वरम मंदिर (भारत देश में स्थित) की ओर मोड़ लिया था। ऐसा कहा जाता है कि वर्ष 1996 में एक विदेशी फोटोग्राफर आंजनेय मंदिर की तस्वीरें क्लिक कर रहा था। जब वह कुछ और तस्वीरें क्लिक करने के लिए वापस लौटा तो उसने हनुमान जी की मूर्ति के शीष की दिशा में बदलाव देखा। यह देखकर वह अचरज में पड़ गया। उसने वहां उपस्थित लोगों से यह बात कही और तस्वीरें दिखाईं, तो सभी लोग इस चमत्कार से दंग रह गए। ध्यातव्य है कि रामेश्वरम भगवान शिव के द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक है और इनकी स्थापना भगवान श्रीराम के द्वारा की गई मानी जाती है। *

## जाखू मंदिर, हिमाचल प्रदेश



**हिमाचल प्रदेश** के जाखू में 8100 फीट की ऊंचाई पर मौजूद यह अत्यंत प्राचीन और जाग्रत हनुमान मंदिर, रामायण काल का बताया जाता है। इस मंदिर में 108 फीट ऊंची हनुमानजी की मूर्ति है। इस मंदिर और हनुमानजी की यह विशेष प्रतिमा देखने के लिए देश के कोने-कोने से श्रद्धालु आते हैं। मान्यता है कि रावण के साथ युद्ध के दौरान जब लक्ष्मणजी मूर्छित हो गए थे और हनुमानजी उनके लिए संजीवनी बूटी लेने जा रहे थे, तभी उनकी नजर यहां तप कर रहे एक यक्ष ऋषि पर पड़ी। हनुमानजी जरा क्लांत और संशय में थे। संजीवनी बूटी की सही जानकारी हासिल करने के लिए वे यहां कुछ समय के लिए ठहरे थे। यक्ष ऋषि के नाम पर ही अपभ्रंश होता हुआ, इस मंदिर का नाम जाखू मंदिर पड़ गया। *

## बाला हनुमान मंदिर, गुजरात



**बाला हनुमान** मंदिर, जिसे श्री बालहनुमान संकीर्तन मंदिर के नाम से भी जाना जाता है, गुजरात के जामनगर में रणमल झील (लखोटा झील) के दक्षिण पूर्व में स्थित है। इस मंदिर में भगवान राम, सीताजी, लक्ष्मणजी और हनुमानजी की मूर्तियां हैं। 1 अगस्त, 1964 से मंदिर परिसर में दिन-रात राम धुन 'श्री राम, जय राम, जय जय राम' का जाप होता रहता है। इस चौबीसों घंटे चलने वाले अनुष्ठान को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। स्थानीय लोगों की मंदिर में गहरी आस्था है और उनका मानना है कि यह मंदिर उन्हें प्राकृतिक आपदाओं और जीवन के अन्य संकटों से बचाता है। *

---

भगवान श्रीराम का अवतारी जीवन हमें मर्यादा, आदर्श और नीति का पाठ तो पढ़ाता ही है। इसके साथ ही साथ कॉर्पोरेट क्षेत्र से जुड़े आज के दौर के युवा भी श्रीराम से सात ऐसे गुण सीख सकते हैं, जो उन्हें मनचाही सफलता दिला सकते हैं।



# भगवान राम से सीखें कॉर्पोरेट सफलता के सूत्र

प्रेरणा

लोकमित्र गौतम

भगवान राम न सिर्फ मर्यादा पुरुषोत्तम और नैतिक मूल्यों के प्रतीक हैं बल्कि उनके व्यक्तित्व में प्रबंधन के ऐसे गुण भी मौजूद हैं, जिन्हें सीखकर कोई भी युवा कॉर्पोरेट क्षेत्र में शानदार सफलता हासिल कर सकता है। ऐसे सात सूत्रों के बारे में हर युवा को जानना चाहिए।

**नेतृत्व का गुणः** भगवान राम न सिर्फ शक्तिवान हैं बल्कि वह एक समर्थ सेनापति और टीम लीडर भी हैं। राम-रावण युद्ध के नजरिए से देखें तो रावण के पास अपार सेना और युद्ध के सारे संसाधन थे, लेकिन जिस तरह भगवान राम अपनी थोड़ी सी भालू, बंदरों की सेना को उच्चस्तरीय प्रबंधन करते हुए रावण की विशाल सेना को हरा देते हैं, उनमें नेतृत्व क्षमता को साबित करता है। कॉर्पोरेट जगत में युवा अपनी टीम को स्पष्ट दृष्टि देने के लिए भगवान राम से यह गुण सीख सकते हैं। किस तरह अपनी टीम को प्रेरित किया जाए और कैसी विस्तृत रणनीति से सफलता सौ फीसदी हासिल की जाए?



**कार्य विभाजनः** रावण से युद्ध के पहले श्रीराम जानते थे कि उनके पास छोटी-सी सेना है। इसलिए उन्होंने सैनिकों में इस तरह काम का विभाजन किया कि सफलता हासिल हो। उन्होंने लक्ष्मण, हनुमान, सुग्रीव और विभीषण को उनकी क्षमता के मुताबिक जिम्मेदारियां सौंपीं। कॉर्पोरेट टीम लीडरशिप के लिए अपने साथियों की अधिकतम क्षमताओं का प्रयोग करने के लिए कार्य विभाजन हर हाल में आना चाहिए।

**रणनीति प्रबंधनः** कॉर्पोरेट सेक्टर में सफलता के लिए मजबूत नेटवर्किंग और सही साझेदारों की पहचान बहुत जरूरी होती है। आज के युवा सफलता का यह जरूरी गुण भगवान राम से सीख सकते हैं। भगवान राम ने हमेशा सही लोगों से मजबूत और विश्वसनीय संबंध बनाए। उन्होंने रावण से युद्ध के लिए सुग्रीव, हनुमान और विभीषण जैसे सहयोगियों की न केवल मदद ली बल्कि उस मदद को अधिकतम उपयोगी बनाने के लिए सटीक तौर पर रणनीतिक प्रबंधन का सहारा लिया।

**धैर्य और आत्मविश्वासः** जीवन का कोई भी क्षेत्र हो, सफलता के लिए धैर्य और आत्मविश्वास जरूरी है। खासकर जो आज के युवा स्टार्टअप शुरू कर रहे हैं, उन्हें जिस तरह की बाजार प्रतिस्पर्धा से गुजरना पड़ता है, उसमें धैर्य और आत्मविश्वास की महती जरूरत होती है। जिस तरह भगवान राम ने कभी भी धैर्य और आत्मविश्वास का साथ नहीं छोड़ा। उन्होंने अपने जीवन में कोई भी निर्णय जल्दबाजी में नहीं लिया। हर कदम को उठाने के पहले धैर्य से काम लिया। लंका पर भी आनन-फानन में हमला नहीं किया। रावण के हर कदम को अच्छी तरह से समझने के बाद ही उन्होंने युद्ध का ऐलान किया। आज के स्टार्टअप्स कल्चर में भी धैर्य और आत्मविश्वास की बहुत जरूरत पड़ती है।

**अनुशासनः** अनुशासन एक ऐसा गुण है, जो करियर में सफलता की चाह रखने वाले युवाओं में अनिवार्य रूप से होना चाहिए। जैसे भगवान राम ने 14 साल के वनवास को पूरे अनुशासन के साथ पूरा किया। युवाओं को भी भगवान राम की तरह ही अपने कर्म के प्रति अनुशासित रहना चाहिए।

**समस्या समाधान की क्षमताः** कोई भी कॉर्पोरेट दिग्गज अपने फील्ड में तभी सफलता हासिल कर पाता है, जब उसके पास यूनिक आइडियाज और स्मार्ट प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल हो। युवा, भगवान राम से इनोवेशन की महत्ता और समस्या के समाधान की विशिष्टता सीख सकते हैं।

**नैतिकता और ईमानदारीः** जमाना कोई भी हो, क्षेत्र कोई भी हो, बिना नैतिकता और ईमानदारी के किसी भी क्षेत्र में सफलता नहीं मिलती। कॉर्पोरेट क्षेत्र में सफलता के लिए युवाओं को इस मामले में भी भगवान राम से एक बड़ी सीख मिलती है, वह यह कि सफलता के लिए कभी भी अनैतिक और गैरईमानदार नहीं होना चाहिए। भगवान राम ने सदैव धर्म का पालन किया, ईमानदारी का मार्ग अपनाया इसलिए कभी भी वह सफलता से वंचित नहीं रहे। *

---

लाइफस्टाइल

अंजू जैन



आप अपनी फिजिकल और मेंटल हेल्थ को मेंटेन करने के लिए तो कई एफर्ट करते हैं। लेकिन क्या अपनी सोशल हेल्थ पर भी पूरा ध्यान देते हैं? कैसे रहें सोशली हेल्दी, जानिए।

# इन रूल्स को करें फॉलो आप रहेंगे सोशली हेल्दी

बहुत कम लोगों को पता है कि तन और मन के स्वास्थ्य के लिए सामाजिक, पारिवारिक रिश्ते और संपर्क बनाए रखना जरूरी होता है। ऐसा न करने से लोग हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, हार्ट डिजीज, स्ट्रेस और डिप्रेशन जैसी बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं।

**क्या है सोशल हेल्थः** हमारा सोशल सर्किल कैसा है, हमें मुसीबत में देखकर कितने लोग मदद का हाथ बढ़ाते हैं, दुःख-सुख में हमारे पास बैठकर बातें करने वाले कितने लोग हमारे संपर्क में हैं, हमारी सामाजिक प्रतिष्ठा और लोगों के साथ बॉन्डिंग कैसी है? यह सब निर्भर करता है, हमारी सोशल हेल्थ पर। सामाजिक स्वास्थ्य को दूसरों के साथ बातचीत करने और रिलेशन बनाने की क्षमता के रूप में डिफाइन किया जा सकता है।

**सोशल हेल्थ का महत्वः** सोशल हेल्थ का अच्छा स्तर बनाए रखने से आप दूसरों के साथ अच्छे संबंध बना सकते हैं। इन रिश्तों में दोस्ती, पारिवारिक और प्रोफेशनल रिश्ते शामिल हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि वीक सोशल हेल्थ वाले लोगों में स्ट्रोक का खतरा 32%, मेंटल प्रॉब्लम्स का खतरा 50% और समय से पहले मृत्यु का खतरा 29% बढ़ जाता है। बीते कुछ सालों में विभिन्न अध्ययनों से पता चलता है कि सामाजिक संबंधों की गुणवत्ता और इनके लेवल दोनों का हमारे जीवन पर टेंपररी और परमानेंट प्रभाव पड़ता है।

**सोशली हेल्दी होने के लक्षणः** अगर आप मधुर, प्रभावी ढंग से बातचीत करते हैं, अपने सामाजिक और व्यक्तिगत जीवन को संतुलित रखते हैं, वर्क प्लेस, सोसाइटी और अपने परिवार में लोगों के साथ जुड़े रहते हैं, सामाजिक परिस्थितियों में खुद को इंवॉल्व कर लेते हैं, दूसरों के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करते हैं, मित्रता और सोशल नेटवर्क विकसित करने और बनाए रखने में सक्षम हैं तो इसका अर्थ होगा कि आप सोशली हेल्दी हैं।

**ऐसे रहेंगे सोशली हेल्दीः** सोशली हेल्दी रहने के लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।

- टॉक्सिक रिलेशंस से बचें क्योंकि कोई रिलेशन जब टॉक्सिक हो जाता है तो वह कभी भी आपकी आर्थिक, मानसिक या शारीरिक सेहत के लिए सही नहीं होगा।
- अपना सोशल नेटवर्क बढ़ाने, लोगों के साथ बॉन्डिंग बढ़ाने के लिए धार्मिक और सामाजिक समूह का हिस्सा बन सकते हैं। इससे आप लोगों से जुड़ते हैं। ये संबंध आपके सामाजिक स्वास्थ्य में योगदान देते हैं।
- अपने रिश्तों को पोषित करने के लिए, दोस्ती को बनाए रखने के लिए हमेशा प्रयास करते रहें। यह आपके सामाजिक स्वास्थ्य के लिए भी बहुत अच्छा है। रिश्ते को मधुर बनाने के लिए दोनों तरफ से प्रयास की जरूरत होती है।
- अच्छी सोशल हेल्थ के लिए दूसरों में कमियां न निकालें, उनकी आलोचना न करें। एक समझदार व्यक्ति की तरह स्वीकार करें कि हर किसी को अपना जीवन अपने मन से अलग तरीके से जीने का अधिकार है। आपको यह भी मानना चाहिए कि आप हमेशा सही नहीं होते, इसलिए ऐसा व्यवहार न करें जैसे आप ही सही हैं।
- किसी से कोई मतभेद हो या समस्या हो तो बिना क्रोध या दोषारोपण के किसी समस्या के बारे में बात करें। यह सम्मानजनक संबंध बनाए रखने में मदद करता है, जो आपके सामाजिक स्वास्थ्य में योगदान देता है।



- दुनिया में हर कोई महत्वपूर्ण महसूस करना चाहता है। इसलिए अपने मित्रों, सहयोगियों और परिवार के सदस्यों की सराहना करने में कंजूसी न करें। इससे आपका सामाजिक स्वास्थ्य मजबूत होगा।
- हर कोई चाहता है कि उसकी बात ध्यान से सुनी जाए। इसलिए किसी को इग्नोर न करें, ध्यान से दूसरों की बातों को सुनें। उचित हो तभी प्रतिक्रिया दें। इन बातों का ध्यान रखने से आपकी सोशल हेल्थ अच्छी रहेगी। *

**(मनोविज्ञानी डॉ. रूपा तालुकदार से बातचीत पर आधारित)**

---

खास मुलाकात

आरती सक्सेना



ईद के मौके पर दर्शकों को सलमान खान की नई फिल्म का इंतजार रहता है। इस बार भी उन्होंने अपने फैंस को निराश नहीं किया। दर्शकों को ईद का तोहफा फिल्म 'सिकंदर' के रूप में मिला। एक खास मुलाकात में इस फिल्म के एक्सपीरियंस, इसके बिजनेस को लेकर सलमान खान ने खुलकर बातचीत की। पेश है इस बातचीत के प्रमुख अंश।

# बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को लेकर मैं ज्यादा नहीं सोचता : सलमान खान

सलमान खान बॉलीवुड के उन चुनिंदा एक्टरों में से एक हैं, जो लगभग साढ़े तीन दशक से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री पर राज कर रहे हैं। बीते 30 मार्च को ईद के अवसर पर उनकी नई फिल्म 'सिकंदर' रिलीज हुई है। इस फिल्म में उनके अपोजिट हैं, साउथ की स्टार 'नेशनल क्रश' कही जाने वालीं रश्मिका मंदाना। फिल्म को डायरेक्ट किया है फिल्म 'गजनी' फेम डायरेक्टर ए. आर. मुरुगदॉस ने। फिल्म 'सिकंदर' को दर्शकों और क्रिटिक्स की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें, तो इन पंक्तियों के लिखे जाने तक यह फिल्म वर्ल्ड वाइड एक सौ सत्तर करोड़ से अधिक की कमाई कर चुकी है और अभी भी दर्शकों में इसे देखने को लेकर क्रेज बना हुआ है। इस फिल्म से जुड़े कुछ सवालों के जवाब सलमान खान ने दिए इस बातचीत में।

**आपकी फिल्म 'सिकंदर' हाल में ईद पर रिलीज हुई है। इससे पहले भी आपकी कई फिल्में ईद के मौके पर रिलीज होती रही हैं। ईद पर ही फिल्म रिलीज करने की कोई खास वजह?**

ईद पर फिल्म रिलीज करने के पीछे एक वजह तो यह है कि इस दिन लोगों की छुट्टी होती है और दर्शक थिएटर तक फिल्म देखने आ सकते हैं। दूसरी वजह है कि त्योहार का खुशनुमा माहौल और पॉजिटिव वाइब्स फिल्म के लिए फायदेमंद साबित होती हैं। मुझे त्योहार मनाना अच्छा लगता है फिर चाहे वह ईद हो या दिवाली। इसी दौरान अगर मेरी फिल्म रिलीज होती है तो और अच्छा लगता है।



फिल्म 'सिकंदर' के एक सीन में सलमान खान

**फिल्म के डायरेक्टर ए. आर. मुरुगदॉस के साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा?**

बहुत ही अच्छा! उनका काम करने का तरीका बहुत यूनिक है। मैं उनके काम से बहुत प्रभावित हूं। फिल्म देखकर आपको पता चलेगा कि 'सिकंदर' के लिए उन्होंने कितनी मेहनत की है। इससे पहले भी उन्होंने जो फिल्में बनाई हैं, उसमें उनका काम बोलता है। फिर चाहे वह आमिर खान की फिल्म 'गजनी' हो या उनकी डायरेक्टेड साउथ की फिल्में हों।

**'सिकंदर' में रश्मिका मंदाना के साथ रोमांटिक जोड़ी बनाने को लेकर, उम्र के फर्क को लेकर आप पर बहुत कमेंट किए गए। इस पर आप क्या कहना चाहेंगे?**

हां, मैंने भी लोगों से सुना है कि रश्मिका मुझसे आधी उम्र की है, मुझे उसके साथ जोड़ी नहीं बनानी चाहिए थी, हमारी जोड़ी उम्र के गैप की वजह से सही नहीं लग रही है। ऐसे लोगों के लिए मैं यही कहना चाहूंगा कि जब हीरोइन को मेरे साथ जोड़ी बनाने में कोई फर्क नहीं पड़ता, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता, तो हमारी जोड़ी से लोगों को क्या प्रॉब्लम है? हमारी जोड़ी फिल्म के लिए है, फिल्म की कहानी के हिसाब से है। अच्छी है या बुरी है, यह तो दर्शक तय करेंगे न।

**'सिकंदर' को रिलीज हुए एक सप्ताह ही हुआ है और फिल्म ने वर्ल्ड वाइड एक सौ सत्तर करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। ऐसे में आपको इस फिल्म से आगे क्या उम्मीदें हैं?**

हर कलाकार चाहता है कि उसकी फिल्म अच्छा बिजनेस करे। वैसे बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को लेकर मैं ज्यादा सोचता नहीं हूं। मैं सिर्फ अपने काम पर ध्यान देता हूं और एक बार काम खत्म हो गया, तो सारी टेंशन छोड़ देता हूं। वैसे पर्सनली मैं अगर बात करूं, तो फिल्म अच्छी बनी है। मेरे पिताजी ने भी फिल्म देखी है। उन्होंने भी 'सिकंदर' की तारीफ की है। उन्हें भी फिल्म अच्छी लगी है।

**'सिकंदर' की रिलीज के तीन दिन पहले मोहनलाल की 'एल2 एंपुरान' रिलीज हुई थी और अब सनी देओल की फिल्म 'जाट' रिलीज होने वाली है। इन फिल्मों की वजह से 'सिकंदर' के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन पर क्या कोई इफेक्ट पड़ेगा?**

'एल2 एंपुरान' को पृथ्वीराज सुकुमारन ने डायरेक्ट किया है। इस फिल्म के एक्टर मोहनलाल सर को एक अभिनेता के तौर पर मैं बहुत पसंद करता हूं। मुझे पक्का यकीन है कि यह एक बेहतरीन फिल्म होगी। जहां तक 'जाट' का सवाल है तो वह सनी प्राजी की फिल्म है। मोहनलाल और सनी देओल दोनों से ही से मेरे बहुत अच्छे संबंध हैं। आपस में कैसा टकराव? मैं तो चाहता हूं कि हम सभी की फिल्में अच्छी चलें। हम सभी अपना काम ईमानदारी से कर रहे हैं। तो उसका अच्छा फल ही मिलेगा। *

## मेरे पिता हैं रियल लाइफ सिकंदर



इस फिल्म में तो सलमान खान सिकंदर का रोल निभा रहे हैं। लेकिन रियल लाइफ सिकंदर वे किसे मानते हैं? इसके जवाब में सलमान कहते हैं, 'मेरे जीवन में सिकंदर तो एक ही हैं और वह हैं- मेरे पिता सलीम खान। वह आज जो भी हैं, अपने दम पर हैं। मेरे वालिद (पिता) का कोई फिल्मी बैकग्राउंड नहीं था। उनको कुछ भी नहीं मालूम था कि ग्लैमर वर्ल्ड में अपने आपको कैसे स्थापित करना है। अपने टैलेंट और अपनी मेहनत के बल पर उन्होंने इंडस्ट्री में अपना एक अलग मुकाम बनाया। उन्होंने सिर्फ अपने आपको ही नहीं हमारे पूरे परिवार को अपने अकेले दम पर संभाला और सभी को एक मुकम्मल मुकाम दिया। इसलिए मेरी नजर में असली सिकंदर वही हैं।